**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 312 लखनऊ, शुक्रवार 29 जून 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

# 1510 करोड़ रुपए से निर्मित होगी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी, 8 वर्षों में पूरा होगा यह प्रोजेक्ट–सीएम योगी

संवाददाता लखनऊ नोएडा। सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंर्तराष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे। 1095 दिनों में फिल्म फैसिलिटीज की होगी शुरुआत यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित



किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76. 44 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

156 एकड़ में निर्मित होंगे फिल्मी कंपोनेंट्स भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी–डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी–अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा। वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी बनाने का वादा साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है, हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं, वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े–बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागमन होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा। यमुना प्राधिकरण का स्वभाव है कि वो अपने निवेशकों को नहीं मांगने पर भी उनकी सुविधा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करता है।

## उत्तर प्रदेश मामूली विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव

संवाददाता।

लखनऊ पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान सोहनवीर (50) के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में मुख्य अभियुक्त समेत कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में शुक्रवार को मामूली विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के रठौरा खुर्द गांव में हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टांडा ने बताया कि दो पक्षों के बीच पहले खेलने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान सोहनवीर (50) के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में मुख्य अभियुक्त समेत कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी फिलहाल एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## आकाशीय बिजली के चपेट में आने से नाबालिग लड़की और महिला की मौत

नई दिल्ली घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है। उपजिलाधिकारी (सदर) ठाकुर प्रसाद ने बताया कि मृतकों के परिवार को दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाये जाने की कार्रवाई की जा रही है।उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में शुक्रवार अपराह्न बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक नाबालिग लड़की और एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया सोहगौली की है। कुड़वार थाना के उपनिरीक्षक राम विलास यादव ने बताया कि सहगौली गांव में अपराह्न लगभग तीन बजे बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ी एक लड़की व एक महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयी, जिससे उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान कुसुम कोरी (46) और नैनसी (13) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है। उपजिलाधिकारी (सदर) ठाकुर प्रसाद ने बताया कि मृतकों के परिवार को दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाये जाने की कार्रवाई की जा रही है।



## गलत धारणाएं न पैदा करें, गवर्नर हाउस में महिलाओं के असुरक्षित महसूस करने की ममता की टिप्पणी पर आया राजभवन का रिएक्शन

एजेंसी।

नई दिल्ली राजभवन ने एक्स पर कहा कि जन प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे संविधान को कायम रखें और गलत और निंदनीय धारणाएं बनाने से बचें जो राज्यपाल पर संदेह पैदा कर सकती हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल कार्यालय ने 28 जून को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस टिप्पणी की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजभवन जाने में महिलाएं कथित तौर पर असुरक्षित महसूस करती हैं। राजभवन ने अपने बयान में कहा कि जन प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गलत और निंदनीय धारणाएं न पैदा करें। यह प्रतिक्रिया राज्य में दो नवनिर्वाचित टीएमसी विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच आई है। बारानगर विधायक सयंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला विधायक रयात हुसैन सरकार ने सीवी आनंद बोस के अनुरोध के अनुसार राजभवन में शपथ लेने से इनकार कर दिया है, इसके बजाय वे गुरुवार से विधानसभा परिसर में धरना दे रहे हैं और इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शपथ ग्रहण विधानसभा में हो।

# दिल्ली में भारी बारिश के बीच कई स्थानों में बिजली आपूर्ति बाधित

एजेंसी।

नई दिल्ली बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अधिकारियों ने बताया कि शहर के जलभराव वाले इलाकों में तकनीकी खराबी और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद करने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। द्वारका, जंगपुरा और लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई।नयी दिल्ली। दिल्ली में भारी बारिश के बीच शुक्रवार की सुबह कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अधिकारियों ने बताया कि शहर के जलभराव वाले इलाकों में तकनीकी खराबी और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद करने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। द्वारका, जंगपुरा और



लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। डिस्कॉम के अधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बिजली की लाइनें, खंभे आदि क्षतिग्रस्त हुए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। हालांकि मरम्मत का कार्य चल रहा है और जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए एहतियात के तौर पर अस्थाई रूप से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। शुक्रवार तड़के दिल्ली में भारी बारिश हुई, जिससे शहर भर की सड़कें जलमग्न हो गईं और दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल–1 की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। सफदरजंग मौसम केंद्र ने 153.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की है। बारिश सुबह तीन बजे से शुरू हुई। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार एक दिन में 124.5 से 244.4 मिलीमीटर बारिश बहुत भारी बारिश कहलाती है।

# नीट पर चर्चा के लिए तैयार, धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष से मर्यादा बनाए रखने का किया आग्रह

नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि समिति 27 जून से 7 जुलाई, 2024 तक हितधारकों, विशेष रूप से छात्रों और अभिभावकों से सुझाव, राय और विचार मांग रही है। सुझाव डलळवअ प्लेटफॉर्म का उपयोग करके प्रस्तुत किए जा सकते हैं। एनईईटी परीक्षाओं के संचालन में विसंगतियों पर विवाद के बीच, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के सुधारों के पहलुओं पर गौर करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ पैनल ने छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। जनता 7 जुलाई तक डलळवअ वेबसाइट पर उपलब्ध एक समर्पित विंडो के माध्यम से अपने प्रस्ताव जमा कर सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि समिति 27 जून से 7 जुलाई, 2024 तक हितधारकों, विशेष रूप से छात्रों और अभिभावकों से सुझाव, राय और विचार मांग रही है। सुझाव डलळवअ प्लेटफॉर्म का उपयोग करके प्रस्तुत किए जा सकते हैं।इसरो के पूर्व अध्यक्ष के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले विशेषज्ञ पैनल को सरकार द्वारा परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की संरचना और कार्यप्रणाली के संबंध में सिफारिशें करने का निर्देश दिया गया है। जबकि छम्म्ज की कथित पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स देने में विसंगतियों सहित कई अनियमितताओं के लिए जांच की जा रही है, सरकार द्वारा यह पाए





जाने के बाद कि ष्परीक्षा की अखंडता से समझौता किया गया थाष यूजीसी–नेट को रद्द कर दिया गया था। दो अन्य परीक्षाएं सीएसआईआर–यूजीसी नेट और एनईईटी पीजी भी एहतियाती कदम के रूप में रद्द कर दी गईं। ये सभी परीक्षाएं एनटीए द्वारा आयोजित की जाती हैं। पैनल में एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति बीजे राव, आईआईटी मद्रास में सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर एमेरिटस के राममूर्ति, पीपलस्ट्रांग के सह–संस्थापक और कर्मयोगी भारत बोर्ड के सदस्य पंकज बंसल, छात्र मामलों के आदित्य मित्तल,

# एयरपोर्ट की छत गिरने पर भड़के संजय सिंह, कहा– जहां भाजपा–वहां भ्रष्टाचार

एजेंसी। नई दिल्ली आप सांसद संजय सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में कथित तौर पर क्षतिग्रस्त हुई संरचनाओं को सूचीबद्ध करते हुए यह दावा किया कि राम मंदिर शहर अयोध्या भी पहली बारिश का सामना नहीं कर सका।आम आदमी पार्टी ने भारी बारिश के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 सहित संरचनाओं के ढहने को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की आलोचना की। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली फायर सर्विसेज के मुताबिक, सुबह करीब 5रू30 बजे हुई इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। आप सांसद संजय सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में कथित तौर पर क्षतिग्रस्त हुई संरचनाओं को सूचीबद्ध करते हुए यह दावा किया कि राम मंदिर शहर अयोध्या भी पहली बारिश का सामना नहीं कर सका।सिंह ने कहा कि हम सभी



ने देखा कि पहली बारिश के बाद ही अयोध्या में राम मंदिर से पानी निकलने लगा। पानी गर्भगृह में घुस गया, जिससे मंदिर के मुख्य पुजारी नाराज हो गए। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि गर्भगृह जहां भगवान राम विराजमान हैं, वहां छत से पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है और न ही वहां कहीं से पानी आया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने भी मंगलवार को गर्भगृह से बारिश के पानी के रिसाव के संबंध में मंदिर के मुख्य पुजारी के आरोपों को खारिज कर दिया था। उन्होंने अटल सेतु ब्रिज जैसी अन्य परियोजनाओं की स्थिति की ओर भी इशारा किया, जिसके बारे में कांग्रेस ने इस महीने की शुरुआत में दरारें आने का दावा किया था।

## 6 महीने बाद जेल से बाहर आए हेमंत सोरेन, जमीन घोटाले में हाई कोर्ट से मिली जमानत

एजेंसी।

नई दिल्ली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के बीच उनका स्वागत किया। मामले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन, आईएएस अधिकारी और रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दिए जाने के बाद रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। सोरेन जब पत्नी कल्पना सोरेन के साथ जेल से बाहर निकले तो झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के बीच उनका स्वागत किया। मामले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन, आईएएस अधिकारी और रांची के पूर्व



उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। अपनी गिरफ्तारी के समय, सोरेन ने अपने खिलाफ जमीन हड़पने के आरोपों से दृढ़ता से इनकार किया था और कहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला थोपा था। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनट बाद उन्हें 31 जनवरी को रांची राजभवन से गिरफ्तार कर लिया गया था। 22 जून को प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित भूमि हड़पने से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत रांची में छापे के बाद 1 करोड़ रुपये नकद और 100 जिंदा गोलियां जब्त कीं।सोरेन को जमानत दिए जाने के कुछ घंटों बाद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर कहा कि वह विकास से ष्बहुत खुशष हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि एक महत्वपूर्ण आदिवासी नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मामले के कारण इस्तीफा देना पड़ा था, लेकिन आज उन्हें माननीय उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है! मैं इस महान विकास से बहुत खुश हूं और मुझे यकीन है कि वह अपनी सार्वजनिक गतिविधियाँ तुरंत शुरू कर देंगे।

## एनआईए ने नक्सल प्रभावित छतीसगढ में कई जगहों पर तलाशी ली

एजेंसी।

नई दिल्ली एनआईए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''समस्याग्रस्त क्षेत्र में आधा दर्जन जगहों पर गहन तलाशी ली गई और कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये नकदी के साथ दोष साबित करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए।'' राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भाकपा (माओवादी) के एक सदस्य की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी के मामले में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। एनआईए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''समस्याग्रस्त क्षेत्र में आधा दर्जन जगहों पर गहन तलाशी ली गई और कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये नकदी के साथ दोष साबित करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए।'' उसने कहा कि जिन छह परिसरों में तलाशी ली गई वे कांकेर जिले के दूरदराज में स्थित मुजलगोंडी, कलमुच्चे, अमाबेडा और जिवालामारी गांवों में हैं। एनआईए इस साल पांच फरवरी को स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में कार्रवाई कर रही है।



# बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है– अखिलेश यादव



लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आते ही महंगाई बढ़ने लगी है। बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। खाने–पीने की चीजों से लेकर मोटर साइकिल, साइकिल, ईंधन, जरूरत की हर सामान महंगा होता जा रहा है। बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है– अखिलेश यादव लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आते ही महंगाई बढ़ने लगी है। बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। खाने–पीने की चीजों से लेकर मोटर साइकिल, साइकिल, ईंधन, जरूरत की हर सामान महंगा होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध, तेल, की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है। कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रूपये प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को झटका दिया है लेकिन वह येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज हो गयी। भाजपा सरकार का अहंकार अभी भी कम नहीं हो रहा है। भाजपा की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है। वह हर समय गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब काटने के रास्ते तलाशती रहती है। कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर बैंक अमीर कर्जदारों को और कर्ज दे रही हैं और उन्हीं के कर्ज भी माफ कर रही है जबकि गरीब किसान के छोटे से छोटे कर्ज पर भी उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। गरीब किसान अपमानित होकर मजबूरन आत्महत्या करने को विवश हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध, तेल, की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है। कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रूपये प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को झटका दिया है लेकिन वह येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज हो गयी। भाजपा सरकार का अहंकार अभी भी कम नहीं हो रहा है। भाजपा की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है। वह हर समय गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब काटने के रास्ते तलाशती रहती है। कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर बैंक अमीर कर्जदारों को और कर्ज दे रही हैं और उन्हीं के कर्ज भी माफ कर रही है

# मुख्यमंत्री ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## मुख्यमंत्री ने नदी रेत और मोरम के स्थान पर 'एम–सैंड' को प्रोत्साहित करने पर बल दिया

लखनऊ (आरएनएस ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरम के स्थान पर 'एम–सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम–सैंड नीति लागू करने जा रही है। इससे प्राकृतिक रेत/मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की। प्रस्तावित 'एम–सैंड' नीति पर विचार–विमर्श करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के ईको–सिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनेबल डेवलपमेंट को गति दी जाए। इस दृष्टि से 'एम–सैंड' एक बेहतर माध्यम है। नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत 'एम–सैंड' को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।मुख्यमंत्री ने नई नीति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'एम–सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। क्योंकि इससे जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा जुड़ी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम–सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिये बी0आई0एस0 प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। नोडल विभाग के रूप में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग 'एम–सैंड' के शीघ्र उत्पादन हेतु राज्य/जिला स्तर पर अनुज्ञप्ति धारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित करे। आम जनता को 'एम–सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम–सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरम/बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। इससे जुड़ी इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना चाहिए मुख्यमंत्री ने खनन पट्टा धारकों की सुविधा के दृष्टिगत ई–अभिवहन प्रपत्र (ई0एम0एम0–11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जनपद स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय–सीमा तय होनी चाहिए। निदेशालय से इसकी मॉनीटरिंग की जाए।मुख्यमंत्री ने वर्तमान में खनिज परिवहन से जुड़े वाहनों की ओवरलोडिंग को सफलतापूर्वक रोकने के लिए जनपदों में टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मोरम, गिट्टी आदि उपखनिज वाहन में लोड किया जाता है, वहीं पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन और भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के स्थानीय अधिकारियों की सम्मिलित टीम एक टास्क फोर्स के रूप में प्रभावी कार्रवाई करे। साथ ही, बालू/मोरम के परिवहन की जांच करते समय व्यावहारिकता के साथ कार्य किया जाए। अनावश्यक रूप से आमजन का उत्पीड़न न हो।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन पर ई–अभिवहन प्रपत्र तब ही निर्गत हो जब वह वाहन खनन क्षेत्र के जियो फेंस एरिया में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हो।ईंट भट्ठे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें।मुख्यमंत्री ने बरसात के मौसम में बालू/मोरम की कीमतों को नियंत्रित रखने और इनके भंडारण व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023–24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे वहीं इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2022–23 में 44,547 प्रवर्तन की कार्रवाई की गई थी, जबकि वर्ष 2023–24 में 57,539 कार्रवाई हुई। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के मई माह तक 9,451 मामलों में प्रवर्तन की कार्रवाई हो चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है और राजस्व में वृद्धि भी हुई है।

## बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की चार छात्राओं का 12 लाख सालाना पैकेज पर हुआ चयन

लखनऊ(आरएनएस )। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए दो दिवसीय श्कैंपस प्लेसमेंट ड्राइवश का आयोजन किया गया था। यह प्लेसमेंट ड्राइव 12 लाख रुपए सालाना सैलरी पैकेज पर पांच वर्ष के निश्चित कार्यकाल ऑफिसर (एचआर) (ई–द्वितीय ग्रेड) के पद के लिए आयोजित की गई थी । इसमें एमबीए–एचआर विशेषज्ञता बैच (2022–24) की चंद्र लता, नम्रता सिंह, कुमारी काजल और जिज्ञासा मिश्रा को कंपनी की ओर से चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई दी एवं उनकी इस सफलता को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) की सहायक समन्वयक डॉ. लता बाजपेयी सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि, दो दिनों के प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी द्वारा प्री प्लेसमेंट टॉक के बाद एक लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किया गया था। लिखित परीक्षा के बाद 13 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और व्यक्तिगत साक्षात्कार दौर के बाद चार छात्राओं का चयन किया गया हैं।इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो.अमित कुमार सिंह और सहायक समन्वयक डॉ. मनोज कुमार ने चयन पैनल के साथ बातचीत की और सभी चयनित छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।'

# रजबहे में पानी नही किसान परेशान

महराजगंज,रायबरेली (आरएनएस)।इस समय धान के पौध को सिंचाई की और लगवही के लिए पानी सख्त जरूरत है, लेकिन सलेथू और आसपास के गांवों से गुजरने वाली रायबरेली रजबहा में पानी ही नहीं है। इसके चलते अब किसानों के माथे पर बल पड़ने लगा है। खेतों में तैयार धान की बेढ़न को सिंचाई के लिए और धान के पौध की लगवही के लिए पानी की जरूरत है, तो पानी गायब है। अब किसानों के पास एक ही विकल्प बचा है कि, वे डीजल पंप सेट से सिंचाई करें, जो कि काफी महंगा साबित हो रहा है। इंदौर गांव के रहने वाले किसान राजकिशोर पुत्र विपति ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर रायबरेली रजबहा में पानी छोड़े जाने की गुहार लगाई है। किसान राजकिशोर ने कहा कि, सरकार किसनों की आय दोगुनी करने की बात करती है, लेकिन नहर से पानी गायब है। इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जबकि प्राथमिकता यही है कि, सिंचाई के लिए नहरों में पूरी तरह से पानी छोड़ा जाए, ताकि किसान आसानी से धान की बेढ़न तैयार करके लगवही का कार्य संपन्न करें, तथा अन्य फसलों की सिंचाई कर सकें।

किसान राजकिशोर का आरोप है कि, रायबरेली रजबहा में पिछले 1 साल से पानी नहीं आ रहा है, जिससे आसपास के दर्जनों गांवों असनी, सलेथू, बरहुआं, पूरे बादल खां, इंदौरा, बेनीपुर, भदिहा, अहमदगंज, महुआ खेड़ा आदि के किसान नहर से फसलों की सिंचाई करने से वंचित है।

इस समय धान के पौध की सिंचाई और लगबही के लिए पानी की जरूरत है। ऐसे में अगर पानी नहीं आया तो किसान चौपट हो जाएगा।

इस संबंध में क्षेत्रीय किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। किसान राज किशोर ने रायबरेली राजभः में 30 जून तक पानी न छोड़े जाने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। हलोर अल्पिका में सिल्ट जमा होने के कारण नहीं पहुंच रहा हेड से टेल तक पानी, धान किसानों की बिगड़ रही किसानी इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। धान की बेढ़न सूख रही है। किसानों को पानी की सख्त जरूरत है। क्षेत्र के किसानों राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, शिवरामन प्रताप सिंह, इंद्रपाल यादव, राजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि, माइनर की सिल्ट निकालने के लिए जेसीबी तो आई किंतु एक–दो घंटे चलने के बाद फिर वापस चली गई। किसानों ने यह भी बताया कि, जेसीबी द्वारा माइनर से जो सिल्ट निकली जाती है उसे पटरी पर ही डाल दिया जाता है जो पुनः माइनर के अंदर गिर कर जमा हो जाती है। ऐसी दशा में हलोर अल्पिका में हेड से टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण किसानों को धान की बेढ़न की सिंचाई के लिए और लगवही ही के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि, किसान राज किशोर द्वारा रायबरेली रजबहा में पानी न होने की बात संज्ञान में आई है। अधिशासी अभियंता सिंचाई को पत्र भेजा गया है। जल्द ही माइनर में पानी छोड़ा जाएगा।

# जिलाधिकारी ने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का किया अनावरण

रायबरेली (आरएनएस)।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस यूनिट के शुरू हो जाने से मरीजों को प्लेटलेट्स और ब्लड से संबंधित किसी भी समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।यह यूनिट 12 वर्षों से बंद पड़ी थी।जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र मौर्य ने अथक प्रयास से कार्यवाही को पूर्ण करते हुए इस यूनिट की स्थापना ब्लैक बैंक में की है। ब्लड कम्पोनेण्ट सेपरेटर यूनिट से प्लेटलेट्स,पैक्ड आरबीसी तथा प्लाज्मा का निर्माण किया जायेगा। प्लेटलेट्स से उन मरीजों (डेंगू, वाइरल फीवर आदि) को लाभ मिलेगा जिनमें प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। पैक्ड सेल आरबीसी का उपयोग सीवियर एनीमिया के मरीजों में किया जायेगा। पूर्व में प्लेटलेटस की कमी एवं पैक्ड सेल आरबीसी के लिए मरीजों को या तो एम्स रायबरेली या केजीएमयू लखनऊ रिफर किया जाता है,अब उन मरीजों को उक्त स्थानों पर रिफर नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर डा सै० अलताफ हुसैन वरिष्ठ परामर्शदाता, डा हेमारानी गुप्ता पैथोलाजिस्ट ब्लड बैंक डा ऋचा त्रिपाठी, डा श्वेता सिंह, डा दीपेन्द्र सिंह, डा जेके लाल, डा पीके वैसवार, डा राजीव अग्रवाल, डा राजेन्द्र शर्मा, डा बीआर यादव हास्पिटल मैनेजर तथा ब्लड बैंक एवं जिला चिकित्सालय के समस्त स्टॉफ तथा चिकित्सालय के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

# एम्स में लगी आग मची अफरा–तफरी

राही,रायबरेली ।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मे शार्ट सर्किट से आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सायरन की आवाज सुनते ही हास्पिटल मे मौजूद लोगो मे अफरा तफरी मच गई। सुरक्षा कर्मीने भी घटनास्थल की तरफ दौड लगा दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। समय रहते आग पर काबू पा लिया। एम्स हॉस्पिटल के सतवें मंजिल की छत पर आरो रूम मे शॉर्ट सर्किट होते ही पूरा रूम धुए के गब्बर से भर गया। बिजली का कार्य देख रहे कर्मचारियो मे अफरा तफरी मच गई। आरो रूम की सप्लाई को बिजली कर्मचारियों ने तत्काल रूप से बंद कर दिया। सप्लाई बंद होने के बाद आग बुझाने का प्रयास करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने पूरी सूझबूझ के साथ आग बुझाते हुए आग पर काबू पाया। गनीमत रही की साट सर्किट होते ही बिजली कर्मचारी पूरी सक्रियता के साथ सप्लाई को बंद करने में सफल रहे। इस दौरान लगभग ढाई घंटे तक एम्स हॉस्पिटल मे लगी लिफ्ट बंद रही। मैरिज व तिमरदारो को रैम्प व सीढीयो का सहारा लेना पड़ा। समय रहते सप्लाई बिजली सप्लाई बंद हो जाने से आग पर काबू पाने में कर्मचारी व दमकल कर्मी सफल रहे। किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होने से पहले एम्स कर्मचारी व दमकल कर्मियों ने आग पर काबू एम्स प्रशासन ने बताया कि हास्पिटल भवन की छत पर लगे आरओ प्लांट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। उसी समय एम्स की फायर टीम ,सुरक्षा गार्ड अन्य कर्मियों के द्वारा फायर हाइड्रेंट की मदद से आग पर समय से काबू पाया गया। जिसमें किसी प्रकार की कोई मानवीय हानि नहीं हुई और फिर से सभी सेवाएं सुचारु रूप से चालू कर दी गई ।

# युवती से छेड़छाड़ के बाद शुरू हुई मारपीट

ऊंचाहार , रायबरेली (आरएनएस) ।कोतवाली क्षेत्र में शादी करने के बाद दुल्हन घर पहुंची तो वहां आयोजित समारोह में मनचलों का जमावड़ा था । एक युवती पर फब्तियां कसी गई , उसके साथ छेड़छाड़ हुई । उसके बाद पूरा समारोह जंग का मैदान बन गया । जमकर मारपीट हुई , जिसमें कई लोग चोटिल हो गए।

मामला ऊंचाहार नगर से जुड़े मास्टर गंज का है । इस मुहल्ले के रहने वाले युवक की गुरुवार को शादी थी । सुबह बारात गई और शाम को दुल्हन के साथ बारात लौटी तो पूरे मुहल्ले में जश्न का माहौल था । शादी वाले घर के दरवाजे पर सैकड़ों की भीड़ जमा थी । नाच गाना हो रहा था । इस बीच भीड़ में शामिल कुछ मनचलों ने एक युवती पर पहले फब्तियां कसना शुरू किया , उसके बाद उन लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी । युवती ने विरोध किया तो बात बढ़ गई और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई । जिसमें दोनो पक्ष से दर्जनों लोग भिड़ गए । पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है । इस मारपीट में कई लोग घायल हुए है। घटना की लिखित शिकायत कोतवाली में की गई है । शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुहल्ले के कुछ युवक काफी समय से एक युवती के पीछे पड़े है । पूर्व में भी उसके साथ हरकत की गई हैं। वह युवती के साथ जबरदस्ती करना चाहते है।

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा , मौके पर मौत

रायबरेली (आरएनएस)। जगतपुर थाना क्षेत्र के मधवापुर के पास अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। स्थानीय लोगों ने रोड किया जाम करने की सूचना पर पहुंची पुलिस पर किया पथराव करने लगे। जिससे पुलिस की गाड़ी के शीशे टूट गए। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाया कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजाशुक्रवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के मधवापुर बाजार के पास डलमऊ की तरफ से आ रहे मौरंग से लदे डंफर ने बाइक सवार को रौंद दिया जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हुई मृतक युवक की पहचान शुभम पुत्र राजू उम्र 17 वर्ष निवासी पुरे जुडावन सिंह मजरे सुरसना थाना डलमऊ के रूप में हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर हंगामा करने लगे मौके पर पहुंची जगतपुर पुलिस ने किसी तरीके से बीच बचाव किया लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव व गाड़ी में तोड़फोड़ करने लगे किसी तरीके पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही शुरू कर दी। उधर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया है। कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तथा डंफर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा तथा पथराव करने वाले आरोपियों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

# इविवि छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं रोहित मिश्रा

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा पर जानलेवा हमला हुआ है। सफारी से आए युवकों ने उनको दौड़ा–दौड़ाकर लात घूसों से पीटा। धारदार हथियार से हमला किया। सफारी चढ़ाने की कोशिश की। रोहित बच गए तो उनको कार में खींचकर किडनैपिंग का प्रयास किया। वारदात गुरुवार देर रात प्रयागराज की पॉश कॉलोनी बलरामपुर हाउस की है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई। रोहित मूल रूप से सेनानी नगर करनपुर प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं। कर्नलगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की जांच शुरू कर दी है।रोहित मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि रात 1. 15 मिनट पर मैं खाना खाकर टहलने निकला था। इसी दौरान सफेद रंग की सफारी कार मेरे ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। मैंने किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई। लेकिन सफारी से एक आदमी उतरकर मेरी तरफ दौड़ा। दूसरे ने गाड़ी से धारदार हथियार निकाल लिया। उसने जान से मारने की नीयत से हमला किया। इससे मेरा सिर फट गया। खून निकलने लगा। मैं जमीन पर गिर पड़ा। सफारी सवार लोगों ने तब भी मुझे पीटा। सिर से लेकर पैर तक हमला किया।

## स्विफ्ट डिजायर कार से पहुँचे बकरी चोर, अलग-अलग घरों से दो बकरियों को किया चोरी

बछरावां रायबरेली (आरएनएस)।ठकुराइन खेड़ा मजरे शेषपुर समोधा गांव में कार सवार चोरों ने दो पशुपालकों की एक एक बकरी चोरी कर फरार हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस में घटना की जांच शुरू कर दी है । ठकुराइन खेड़ा गांव के रहने वाले पशुपालक रामसजीवन पुत्र छविनाथ, शिवचरण पुत्र मोलहे की एक एक बकरी चोरी हुई है । पशुपालक शिवचरण ने बताया कि चार अज्ञात चोर कार से आए हुए थे । चोरों ने उनकी एक बकरी के गले में बंधी हुई रस्सी को चाकू से काट कर लाद ली । जब दूसरी बकरी को खोल रहे थे, तभी बकरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई ।

# देह की देहरी और सुर्ख गुलमोहर का हुआ विमोचन

प्रयागराज(आरएनएस)। आज लूकरगंज स्थित सारस्वत सभागार में पोएट्री वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन एवं लोकरंजन प्रकाशन से क्रमशः प्रकाशित देह की देहरी लेखिका चित्रा विशाल श्रीवास्तव और सुर्ख गुलमोहर लेखिका डॉक्टर सुनीता त्रिपाठी की पुस्तक के विमोचन का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रदीप चित्रांशी अध्यक्ष साहित्याञ्जलि प्रज्योदि, मुख्य अतिथि उमेश चंद्र श्रीवास्तव संपादक शहर समता, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार व प्रकाशक साहित्यांजलि प्रकाशन, एवं प्रोफेसर डाक्टर रवि मिश्र ने की। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ वीणापाणि के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और शंखनाद किया। मिली श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती की वंदना करके कार्यक्रम को औपचारिक शुरुआत दी।देह की देहरी पर लेखिका ने अपना विमर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने अध्यात्म प्रेम पर कृष्ण और गोपिकाओं का चित्र उपस्थित किया। वहीं सुर्ख गुलमोहर पर डाक्टर सुनीता त्रिपाठी ने प्रकाश डालते हुए अपने बाबा के संस्मरण को याद किया। मुख्य अतिथि उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेम की परिभाषा अपरिमित है। उन्होंने कबीर के उद्धरण से इसे सिद्ध किया। उन्होंने दोनों पुस्तकों के प्रेमांश की चर्चा की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर प्रदीप चित्रांशी ने कहा कि दोनों पुस्तकें पठनीय हैं। उन्होंने सभी कवियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशक रंजन पांडेय ने किया। दूसरे सत्र में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसमें योगेन्द्र मिश्र विश्वबंधु, शम्भुनाथ श्रीवास्तव, पंडित राकेश मालवीय मुस्कान, डाक्टर रामलखन चौरसिया, केशव प्रकाश सक्सेना, निखिलेश मालवीय, डाक्टर इंदु जौनपुरी, अंकिता चतुर्वेदी, अजय वर्मा साथी, राहुल पवार, अशोक श्रीवास्तव कुमुद, प्रभंजन त्रिपाठी, ऋजु पाण्डेय, जे यस सत्यम, प्रकाश सिंह अश्क, अभिनव चतुर्वेदी आदि ने काव्य पाठ किया। इस सत्र का संचालन पंडित राकेश मालवीय मुस्कान ने किया।

## ससुर से आबरू बचाने की लगाई गुहार

ऊंचाहार , रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में कामांध ससुर का दिल अपनी बहू पर आ गया है । उसे हमबिस्तर होने के लिए वह तरह तरह से परेशान करता है । यही नहीं प्रलोभन भी देता है । ससुर की हरकत के परेशान बहू ने पुलिस की शरण ली है और ससुर से अपनी आबरू बचाने की गुहार लगाई है । मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव तराई बाग मजरे अरखा का है । गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि उसका ससुर उस पर काफी समय से बुरी नियत रखता है । हमबिस्तर होने के लिए उस पर दबाव बनाता है , और तरह तरह से उसे प्रताड़ित करता है । ससुर की बात न मानने पर उसके साथ मारपीट की जाती है और भद्दी भद्दी गाली देता है ।

## नौ वर्षीय बालक ने 14 मिनट में तैर कर पार की यमुना नदी

प्रयागराज(आरएनएस)। शहर के 9 वर्षीय उत्कर्ष धूरिया ने केवल 14 मिनट में तैराकी के माध्यम से यमुना नदी को पार कर लिया। मास्टर ट्रेनर अजय खन्ना ने बताया कि उत्कर्ष ने सुबह 7रू04 बजे मीरापुर बरगद घाट से तैराकी शुरू की और 7रू18 बजे विद्यापीठ महेवा घाट पर पहुँचकर नदी पार की।कक्षा 4 के छात्र उत्कर्ष, जो सेंट जोसेफ कॉलेज का छात्र है और मीरापुर के निवासी है ने अपने प्रशिक्षकों अजय खन्ना और पंकज पोर्वाल के मार्गदर्शन में तैराकी की। ट्रेनर अजय खन्ना ने बताया कि उत्कर्ष ने यमुना नदी, जिसकी लंबाई 600 मीटर और गहराई 25 फीट है, को पार करने का संकल्प लिया था। उन्होंने सिर्फ 17 दिनों में तैराकी सीख ली थी, जो ग्रीष्मकालीन शिविर के साथ–साथ सेंट जोसेफ कॉलेज में आयोजित किया गया था।

उत्कर्ष के पिता रतन धूरिया, माँ प्रांजलि धूरिया बहन कश्वी और अन्य परिवार के सदस्य एवं स्थानीय लोग इस मौके पर उपस्थित थे और उन्होंने उसकी उपलब्धि की सराहना की। उत्कर्ष के पिता ने कहा कि यह छोटे लड़के के लिए एक सपना सच होने जैसा है, जो नदी को कम से कम समय में पार करने के लिए दृढ़ संकल्पित था। वह हमेशा तैराकी के टिप्स अपने परिवार के सदस्यों से साझा करता था और कई रिकॉर्ड बनाना चाहता था।

# सी.एम.एस. छात्रा को 80,000 अमेरिकी डॉलर की स्क लरशिप

लखनऊ, 28 जून। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा अचलप्रीत कौर को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की लिन यूनिवर्सिटी द्वारा 80,600 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अचलप्रीत को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।



# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मौत

## 'सोहगौली गांव के अलग अलग पूरवे में हुआ हादसा'

कुड़वार सुल्तानपुर (आरएनएस)। बारिश के समय घर से निकलना अधेड़ महिला व किशोरी को महंगा पड़ गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनो झुलस गए।गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने दोनो को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के सरैया सोहगौली निवासी कुशुम(46)पत्नी स्व राम प्रकाश पानी की बरसात शुरू होने पर दरवाजे पर आम के पेड़ के नीचे बंधे जानवरो को हटाने के लिए निकली।तभी अचानक कड़की आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई । गंभीर हालत परिजन लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की दो विवाहित संताने वर्षा व मधु है।मृतका के पति की मौत 12 वर्ष पहले हो चुकी है। वही दूसरी घटना में नैशी (13)पुत्री संतोष कुमार तिवारी निवासी पूरे भवन सोहगौली बारिश शुरू होने के बाद घर से बाग की तरफ जा रही थी।घर से चंद कदम दूरी पर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई।गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक किशोरी के दो भाई सुंदरम व वेदांश है।मृतका के पिता रोजगार के सिलसिले में बंबई में रहते है।घटना से मृतका की मां राधा सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।दोनो मृतकों की सूचना चिकित्सक ने स्थानीय पुलिस को दी।चिकित्सक की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम विलास यादव,चंद्र कुमार शुक्ला ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही घटना की जानकारी होते ही तहसीलदार सदर हृदयराम तिवारी,राजस्व निरीक्षक गजाधर प्रसाद,लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव व राजेश श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी हासिल की। तहसीलदार ने बताया कि मृतकों के परिवार को दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी।

# हत्यारे को आजीवन कारावास

## 'एकतरफा प्यार मे प्रेमिका के होने वाले पति की कर दी थी हत्या'

सुलतानपुर(आरएनएस)। एकतरफा प्रेम मे पागल युवक ने प्रेमिका की जिससे शादी तय हुई थी उसकी हत्या कर दी. एडीजे ने हत्यारे को आजीवन कारावास के साथ पचीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है. घटना कुड़वार थाने के रंकेडीह गांव की है. सहायक शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश ने बताया कि घटना की एफआईआर कुड़वार थाने रंकेडीह निवासी राम तीरथ ने 9 दिसम्बर2020 को दोपहर बाद लिखाई थी. जिसके अनुसार वादी का बेटा दीपक 8 दिसम्बर 20 की रात भोजन करके छत पर सोने चला गया था। सुबह जब उसे जगाने गए तो उसका रक्तरंजित शव मिला जिस पर कई चोट थीं। पुलिस ने विवेचना की तो पता चला कि दीपक की शादी हाजीपट्टी थाना धम्मौर मे एक किशोरी के साथ तय थी। जबकि परमजीत उसी किशोरी से एक तरफा प्रेम करता था। जब परमजीत को इसकी जानकारी हुई तो उसने किशोरी से दीपक का फोन नम्बर माँगा और विवाह करने से मना किया। यह भी कहा कि यदि वह नहीं मानेगी तो वह दीपक की हत्या कर देगा और उसी योजना के तहत उसनें रंकेडीह गांव रात मे जाकर छत पर सो रहे दीपक की कुल्हाड़ी व पेंचकस से मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने जब परमजीत को गिरफ्तार किया तो उसने अपराधा स्वीकार किया और कुल्हाड़ी पेंचकस बरामद कराया। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेजा तो अभियोजन ने आठ गवाह पेश किये अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने कथित प्रेमिका का भी परीक्षण करवाया. साक्ष्य के आधार पर जज ने परमजीत को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया। वह गिरफ्तारी के बाद से जेल मे बंद है। गिरफ्तारी के बाद से परमजीत की जमानत नहीं हुई है. लेकिन वह जेल से ही बयान न देने का दबाव गवाहों पर बनाता रहा। उसकी कथित प्रेमिका रजनी(काल्पनिक) ने बयान देते समय न्यायालय मे एक चिट्ठी दाखिल की और बताया है कि इसे परमजीत ने जेल से उसके पास भेजा है जिसमे गवाही देने पर उसकी परिवार सहित हत्या कर देने की धमकी दी है।

# कंपोजिट विद्यालय में रोली टीका लगाकर बच्चों का किया गया स्वागत

सुल्तानपुर(आरएनएस)। शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय के कंपोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर में रोली टीका लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया द्य ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालय पुनः खुलने पर नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का स्वागत उत्सव तिलक लगाकर किया गया द्य भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव ) के दृष्टिगत ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालय का संचालन प्रारंभ होते ही विद्यालय का वातावरण छात्र–छात्राओं के लिए आकर्षक एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा बच्चों को रोली टीका लगाकर उत्सव का स्वरूप प्रदान किया गया द्य प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र–छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुड़ाव पैदा होगा द्य जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन–पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रुचि उत्पन्न होगी द्य मध्याह्न भोजन में बच्चों के लिए रुचिकर भोजन खीर बनवाकर खिलाया गया शिक्षिका दीपिका यादव एवं गुडलक सिंह के द्वारा तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया द्य विद्यालय परिवार नें बताया कि स्वागत कार्यक्रम से छात्र–छात्राओं सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों को अभिप्रेरणा प्राप्त होगी द्य मनोबल में वृद्धि और विद्यालय में उत्साहवर्धक वातावरण सृजन होता है,जोकि छात्र नामांकन एवं छात्र उपस्थिति वृद्धि लाने में सहायक सिद्ध होगा द्य स्वागत कार्यक्रम में अनिवार्यतःसहायक अध्यापक शिवाकांत मिश्रा, इंद्रजीत, अद्दी मिलान, शिक्षामित्र राजदेव यादव सहित समस्त रसोइयों ने प्रतिभाग किया

# मण्डलायुक्त ने गत बैठक में लिये गये निर्णयों के प्रगति की किया बिन्दुवार समीक्षा

अयोध्या(आरएनएस)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने गत बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना सहित उद्यमी बन्धुओं से जुड़ी अन्य योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी, प्रभारी संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं आई0आई0ए0 के अध्यक्ष सहित अन्य उद्यमी बन्धु उपस्थित रहे। इसके पश्चात मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कन्सीलियेशन के 04, आर0सी0 के 03 तथा अवार्ड के 05 प्रकरण प्रस्तुत किये गये जिसमें सप्लायर तथा बायर के अभिकथन को सुना गया। कन्सीलियेशन के अन्तर्गत सुलह समझौते से वादों को निस्तारित करने का प्रयास किया गया। कुछ नये वादों को पंजीकृत करने तथा सन्दर्भ की प्रतिलिपि विपक्षी को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। 05 वादों में अवार्ड पारित किया गया। 03 वादों में आर0सी0 जारी की जा चुकी है। मे0 हाईटेक कांकीट प्रोडक्ट, बाराबंकी बनाम मे0 सद्भाव इंजीनियरिंग प्रा0लि0 अहमदाबाद के आर0सी0 के प्रकरण में आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या तथा संयुक्त आयुक्त उद्योग, अयोध्या के अथक प्रयास से ब्याज सहित रू0 21,04,953ध– की वसूली कलेक्टर अहमदाबाद, गुजरात के माध्यम से करायी गयी। बैठक में काउंसिल के सदस्य प्रभारी संयुक्त आयुक्त उद्योग, अयोध्या तथा श्री अविनाश चन्द्र, विधिक सलाहकार श्री अवि सक्सेना एवं वाद से सम्बन्धित सभी उद्यमी व उनके अधिवक्ता उपस्थित थे।

# अवंतिका फूड माल के गुलाब जामुन में मिला रबर

## 'आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़'

सुल्तानपुर(आरएनएस)। प्रदेश की मौजूदा सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए तरह–तरह योजनाएं चला रही है ।अस्पतालों को बेहतर इलाज के लिए सुविधा प्रदान की जा रही हैं । योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्तियां की जा रही है। जनपदों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन जनपद सुल्तानपुर के अवंतिका फूड मॉल में आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।दिनांक 28 जून 2024 को जनपद के एक पत्रकार जब अपने रिश्तेदारों के साथ अवंतिका फूड मॉल में जलपान करने गए तो फूड मॉल द्वारा दिए गए गुलाब जामुन में रबर (प्लास्टिक) मिला। खाद्य पदार्थ में इस तरह से स्वास्थ्य के विपरीत प्रभाव डालने वाला रबड़ मिलने पर जब पत्रकार द्वारा संबंधित बेटर से शिकायत की गई तो उनकी शिकायत पर नम्र व्यवहार न करते हुए वेटर ने बदतमीजी की और कहा कि क्या मैं मिठाई के अंदर बैठा हूं। इस तरह के व्यवहार पर कोई भी आदमी होगा उसे मानसिक रूप से अपमानित महसूस करना सामान्य बात होगी। खाद्य पदार्थ में अगर प्लास्टिक रबड़ कंकर प्लास्टिक की गोलियां कांच की गोलियां मिलती है तो यही पदार्थ मनुष्य के अंदर जाएंगे और मनुष्य का स्वास्थ्य किस हद तक खराब होगा इसकी कल्पना कर पाना भी किसी भयावह हादसे से कम नहीं होगा। मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ इस तरह से फूड माल के द्वारा खिलवाड़ किया जाना कहां तक न्याय संगत है। शिवम सिंह गोलू ने इसकी शिकायत खाद्य निरीक्षक अभय सिंह से दूरभाष पर की । उसके पश्चात उन्होंने लिखित रूप में इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की। बातचीत में खाद्य निरीक्षक ने बताया कि उक्त प्रकरण की जानकारी उन्हें है और लिखित रूप में उन्हें शिकायत उपलब्ध कराई गई है । शीघ्र ही संयुक्त टीम का गठन कर इस मामले में जांच की जाएगी और उचित कार्यवाही होगी।

# बढ़ैयाबीर प्रवेश मार्ग पर बने यूरिनल में भयंकर गंदगी पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

सुलतानपुर(आरएनएस)। पिछले पांच छः सालों सेध बस स्टेशन से बढ़ैयाबीर प्रवेश मार्ग पर नगरपालिका द्वारा बनवाये गये मूत्रालय से लगातार उठ रही यूरिन की भयंकर बदबू से उधर से गुजरने वाले राहगीर बहुत परेशान हो रहे हैं । हर व्यक्ति को उधर से नाक दबाकर गुजरना पड़ रहा है। शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर ए एन सिंह का कहना है कि इस गंदगी में अगर कोई बच्चा,बीमार,बुजुर्ग उधर से गुजरता है तो उन सबको इंफेक्शन होने की प्रबल संभावना होती है जिसके परिणाम स्वरूप डायरिया, टायफाइड, फीवर हो सकता है । वहां लघुशंका करने वालों को भयंकर रुप से यूटीआई हो सकती है। मरीज को सही इलाज न मिल पाने के चलते आगे जाकर किडनी भी फेल हो सकता है। नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस समस्या से भलीभांति अवगत होते हुए भी स्वतरू कोई उचित कार्यवाही न करते देख मानव अधिकार के राष्ट्रीय प्रभारी डी पी गुप्ता एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग लखनऊ को शिकायत पत्र देकर एक केस दर्ज कराया है। जिस पर मानवाधिकार आयोग लखनऊ ने एक्शन लेते हुए सुलतानपुर जिला अधिकारी व नगर पालिका परिषद को बढ़ैयाबीर सुल्तानपुर की आम जनता को हो रही इस तकलीफ के निवारणार्थ एक नोटिस भेजा था। जिस पर एक्शन लेते हुए नगर पालिका के ईओ लाल चंद्र सरोज ने नाली की साफ सफाई करवा कर कुछ हद तक बदबू को कम कर दिया परंतु उसके स्थायी समाधान के लिए जब उनसे पत्रकारों द्वारा बात की गई तो उन्होंने कहा कि बजट की समस्या है, इस कारण से वहां की ध्वस्त हो चुकी नाली का निर्माण नहीं किया जा सकता। जब बजट आ जाएगा, तो बस स्टेशन से लेकर इन्कम टैक्स आफिस तक ध्वस्त हो चुकी नाली को नये सिरे से बनवा दिया जाएगा। दुखद पहलू यह है कि बढ़ैयाबीर मोहल्ले में पुलिस अधीक्षक सहित शहर के अति विशिष्ट लोगों का निवास है जिन्हे इसी बदबूदार मार्ग से होते हुए गुजरना पड़ता है।

# पेड़ से टकराया डंपर, ड्राइवर की मौत दो घायल

सुल्तानपुर(आरएनएस)। शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां हलियापुर–सुल्तानपुर रोड पर मौरंग लोड कर अनलोड करने जा रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। वही ड्राइवर की मौत हो गई है। साथी ड्राइवर समेत दो घायल हुए हैं। गैस कटर से वाहन को काटकर सभी को बाहर निकाला गया है।



जानकारी के अनुसार घटना हलियापुर–सुल्तानपुर मार्ग पर विरधौरा सेमरा में शुक्रवार भोर की है। डंपर संख्या न्च 71 ठज 1576 बांदा से मोरंग लोड करके पारा बाजार में अनलोड करने के लिए हालियापुर मार्ग से सेमरा गांव में भोर 4 बजे जा रहा था। इसी बीच ड्राइवर को नींद आ गई। ऐसे में डंपर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे शीशम के पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े और आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही पारा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनकर अपने स्टॉफ के साथ, थाना प्रभारी आरबी सुमन अपने हमराही के साथ, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुटे। डंपर में मौजूद ड्राइवर शैलेन्द्र की घटना स्थल पर मौत हो गई है। साथी ड्राइवर गाड़ी में फंसा हुआ है। एक व्यक्ति को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी, एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। जेसीबी व हाइड्रा की मदद से डंपर में फंसे लोगों को निकाला जा रहा है। साथ ही गैस कटर से भी गाड़ी में फंसे घायल और मृत ड्राइवर को निकाले जाने का प्रयास किया जा रहा है। एसओ आरबी सुमन ने बताया कि मृतक के घर पर सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनपद में 38,12,680 वृक्षारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित

अयोध्या(आरएनएस)। प्रेस क्लब फैजाबाद के अध्यक्ष व संपादक सुरेश पाठक की बीती रात जिला चिकित्सालय लाने पर मौत हो गयी। इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि श्री पाठक की मौत ब्रेन हेमरेज के चलते हुई है श्री पाठक की मौत की जानकारी मिलते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। प्रातः काल से ही उनके निजी आवास भरतपुरी कॉलोनी धारा रोड पर मीडिया कर्मियों का ताता लगा रहा। पत्रकारों द्वारा एक शोक सभा दोपहर 3:00 सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में की गई शोक सभा में राकेश यादव, प्रदीप पाठक विनय सिन्हा, अजय श्रीवास्तव अज्जू, राजीव दुबे, प्रमोद पांडे, पवन मिश्रा, सूर्य नारायण सिंह, ओम शंकर पांडे, अम्बेश प्रताप सिंह,बिस्मिल्लाह खान आदि पत्रकार गणों ने 2 मिनट का मौन धरण उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव प्रकाश वर्मा, अवध राम यादव एस एन बागी, अशोक कुमार वर्मा,वरिष्ठ पत्रकार जोखू प्रसाद तिवारी, त्रियुग नारायण तिवारी, रामकुमार सिंह, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की सदस्य सुमन गुप्ता, राजेंद्र पाण्डेय, रमाशरण अवस्थी, महन्त रघुवर शरण, महंत अरुण कुमार दास, शिवकुमार मिश्र, ओम शंकर पाण्डेय, सम्पादक विकास पाण्डेय, मीडिया सेन्टर फैजाबाद के प्रभारी राकेश कुमार यादव, प्रेस क्लब अयोध्या के सदस्य अंजनी कुमार सिन्हा, पवन पांडे,समीर सिंह शाही, अनूप कुमार श्रीवास्तव, सजपा नेता अशोक श्रीवास्तव, सपा के पूर्व विधायक तेज नारायण पाण्डेय "पवन", समाजवादी नेता पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय, पूर्व सांसद निर्मल खत्री,राजा बिमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र,अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, भाकपा जिलामंत्री अशोक कुमार तिवारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राम तीरथ पाठक, भाकपा नेता अतुल कुमार सिंह,पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष हरिकृष्ण अरोड़ा,पत्रकार नाथ बक्स सिंह, जयप्रकाश सिंह,चंद्रेश श्रीवास्तव समेत अन्यान्य लोगों ने स्वर्गीय पाठक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को पत्रकारिता जगत की सबसे बड़ी हानि बताया है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। प्रभारी उपनिदेशक सूचना संतोष कुमार द्विवेदी तथा मण्डलीय सूचना कार्यालय अयोध्या के कार्मिकों ने जनपद के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कुमार पाठक के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रभारी उपनिदेशक सूचना ने सुरेश कुमार पाठक के निधन पर कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने सान्निध्य में चिर शान्ति प्रदान करें।

# रोपित पौधों के बड़े होने तक संरक्षित व सुरक्षित रखना भी हमारा लक्ष्य नितीश कुमार

अयोध्या(आरएनएस)। जिलाधिकारी नितीश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने विगत वर्षों में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रोपित किए गए पौधों का सफलता प्रतिशत तथा वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित पौधरोपण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु की गई तैयारियों की विभागवार गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को विगत वर्ष लक्ष्य के अनुरूप रोपित किए गए पौधों का सर्वे कर सफलता प्रतिशत की सूचना उपलब्ध कराने तथा सभी सूखे पौधों का तत्काल रिप्लेसमेंट करने के निर्देश दिए इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर्ष 2024–25 में वन एवं वन्य जीव विभाग व अन्य विभागों हेतु वृक्षारोपण के लक्ष्य की विभागवार जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024–25 हेतु जनपद को कुल 3812680 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें ग्राम विकास विभाग को 1378000, राजस्व विभाग को 115000, पंचायती विभाग को 139000, आवास विकास विभाग को 6000, औद्योगिक विकास को 7000, नगर विकास को 23000, लोक निर्माण विभाग को 13000, सिंचाई विभाग को 13000, कृषि विभाग को 276000, पशुपालन विभाग को 7000, सहकारिता विभाग को 6160, उद्योग विभाग को 10000, विद्युत विभाग को 5040, माध्यमिक शिक्षा को 8000, बेसिक शिक्षा को 14000, प्राविधिक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 19000, श्रम विभाग को 3200, स्वास्थ्य विभाग को 10000, परिवहन विभाग को 3000, रेलवे विभाग को 12000, रक्षा विभाग को 6000, उद्यान विभाग को 169000, पुलिस विभाग को 7280, पर्यावरण विभाग को 248000 व वन एवं वन्य जीव विभाग को 1310000 को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तरह जनपद में 26 विभागों को मिलाकर कुल 38,12,680 वृक्षारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण की बेहतर कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने और उसी के अनुरूप अच्छे स्थल का चयन कर गड्ढे की खुदाई एवं अग्रिम मृदा का कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग वृक्षारोपण में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें तथा पौधों को बड़े होने तक संरक्षित रखने पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में वृक्षारोपण हेतु इच्छुक समस्त काश्तकारों को उनके इच्छुक प्रजाति के पौधों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु वृहद कार्ययोजना तैयार करने के लिए जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने काश्तकारों से उनकी इच्छुक प्रजाति के अनुरूप पौधों की मांग, उठान एवं वितरण समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वन विभाग को पशु–पक्षियों के भोजन आदि के अनुकूल प्रजातियों यथादृ बरगद, पीपल, महुआ, गूलर, पाकड़ आदि वृक्षों के रोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्कों में फलदार व आकर्षक फूलों के प्रजाति तथा शैक्षणिक संस्थानों में फलदार पौधों यथा आंवला, सहजन, अमरूद आदि को ही रोपित किए जाने के निर्देश दिए।

चरागाह के किनारेदृ किनारे बाउंड्री पर पौधे लगाए जाने एवं गौशालाओं के बाउंड्री पर बायो फेनशिंग में करौंदा के पौध रोपित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को पौधरोपण के उपरांत उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण करना ही हमारा उद्देश्य नहीं है बल्कि सभी रोपित पौधों के बड़े होने तक संरक्षित एवं सुरक्षित रखना भी हमारा लक्ष्य है।

# सनातन धर्म परिषद न्यास के महिला प्रकोष्ठ की बैठक

## सनातन धर्म परिषद के महिला प्रकोष्ठ की हुई बैठक

अयोध्या(आरएनएस)। सनातन धर्म परिषद न्यास के आनुषांगिक संगठन महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक बालाजी सेवा ट्रस्ट सोनादेवी मार्ग वासुदेवघाट में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सनातन धर्म परिषद महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रतिभा शास्त्री एवं संचालन विंदेश्वरी कनौजिया ने किया। मुख्य अतिथि सनातन धर्म परिषद न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधबिहारी दास ने कहा कि हमारा संगठन देश–विदेश में चल रहा है। महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से हम महिलाओं को जोड़ व सशक्त बना रहे हैं। संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, समरसता, संस्कारों को अक्षुण्ण बनाए रखना है। मठ–मंदिरों को संरक्षण देना और गौ, हिंदू, साधु–संतों की रक्षा करना है। इन्हीं बातों पर हम कार्य कर रहे हैं। बालाजी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रामदास ने कहा कि भारत को पुनः जन जागृति एवं उत्थान हेतु संगठन का निर्माण किया गया है। सनातन धर्म परिषद महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रतिभा शास्त्री ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ ने शक्ति वाहिनी के भी गठन का निर्णय लिया है। हमारा उद्देश्य महिला सशक्तिकरण का रहा है। महिलाएं जब सशक्त होंगी, तो हमारा देश व हमारी संस्कृति सशक्त बनेगी। अपनी मातृशक्ति को एकत्रित कर हम संगठित कर रहे हैं। हिंदू जातियों में बंटा हुआ है। लेकिन पहले हम सब सनातनी हैं, फिर किसी जाति के। हमारा धर्म फिर से परिपक्वता को प्राप्त करेगा। मातृशक्ति के साथ हम सभी को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव किशोरी सिद्धि त्रिपाठी ने कहा कि हम सब सनातनी हैं माताएं–बहनें अपने सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहें। संगठन के माध्यम से महिलाएं अपने सनातन धर्म, संस्कृति व सभ्यता के प्रति जागरूक बन रही हैं। सनातन धर्म परिषद न्यास के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक कृष्णगोपाल दास ने कहा कि देश को फिर से अखंड भारत बनाना है। अपने सनातन संस्कृति के बारे में लोगों बता रहे हैं। संगठन के माध्यम बड़ी संख्या में बहनों–माताओं को जोड़ रहे हैं। बच्चों को आगे बढ़ाना, संस्कारवान व हर भाषा में परिपक्व बनाना है। नेपाल राष्ट्र में भी महिला प्रकोष्ठ का गठन हो चुका है। न्यास के राष्ट्रीय महासचिव अमर बहादुर तिवारी ने कहा कि संगठन के माध्यम से माता–बहनों को धर्म के प्रति शिक्षित और उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखा रहे हैं।

# सदर तहसील के सामने गिरा पीपल का पेड़

अयोध्या(आरएनएस)। सदर तहसील के गेट पर विशालकाय पीपल का पेड़ जो बारिश के बाद गीली मिट्टी की वजह से अचानक से गिर पड़ा। इस दौरान तहसील में काम के सिलसिले में आए दो लोग और गुमटी चला रहे दो लोग पेड़ की टहनियों के नीचे दब गए। हादसे की सूचना पर भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चारों घायलों का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पेड़ करीब 100 साल पुराना था। विशालकाय पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आई दो मोटरसाइकिल भी छतिग्रस्त हो गई।

# संपादकीय

## सख्त कानून लागू

सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू कर दिया है। इस एंटी–पेपर लीक कानून के तहत पेपर लीक या उत्तर–पुस्तिका से छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन साल की सजा होगी जिसे दस लाख तक के जुर्माने के साथ बढ़ा कर पांच साल तक भी किया जा सकता है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार महीने पहले ही लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे चुकी थीं। इस कानून का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित अन्य तमाम परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है।

इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों पर अब न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून से पहले राज्यों में नकल रोकने और परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने संबंधी कानून बनाए गए हैं।

ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में ऐसे कानून हैं। हालांकि ये उस तरह के नतीजे देने में असफल रहे हैं, जिनके बलबूते परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया जा सके।

इस नये कानून द्वारा परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रमुख और सदस्यों को लोक सेवक माना जाएगा ताकि उनके खिलाफ अपराध के साथ ही भ्रष्टाचार का मामला भी चलाया जा सके। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर उठने वाली उंगलियों के कारण युवाओं का भरोसा लगातार टूट रहा है।

बार–बार परीक्षा प्रणालियों पर संदेह और उनकी पारदर्शिता धूमिल पड़ने के चलते प्रतियोगियों में निराशा व्याप्त होती जा रही है। चूंकि अब यह संज्ञेय और गैर–जमानती अपराध की श्रेणी में आ गया है, इसलिए कोई भी पुलिस अधिकारी बगैर वारंट भी अपराधी को गिरफ्तार कर सकता है।

भले ही यह फैसला लेने में सरकार ने काफी ढिलाई बरती है लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद क्योंकि उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए परीक्षार्थियों का समूचा भविष्य ही दांव पर लगा होता है। परीक्षाओं में धांधली होनहार युवाओं को नैतिक तौर पर बुरी तरह तोड़ देती है। हालांकि सख्त कानून बनाने में वक्त लगता है। विशेषज्ञों की राय और विभिन्न दृष्टिकोणों से इसे उस सख्ती से लागू किया गया ताकि भविष्य में इस तरह का कोई संकट ही न खड़ा हो सके। साथ ही, इस तरह के अपराधियों पर लगाम कसी जा सके। देखा जाना है कि कानून सख्त किए जाने के बाद पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों पर नकेल कसने में हम किसने सफल होते हैं।

## पेड़ बचाओ–पेड़ लगाओ

पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस रही है। हजारों लोग गर्मी की मार से बेहाल हो कर मर चुके हैं। दुनिया के हर कोने से एक ही आवाज उठ रही है, कि पेड़ बचाओ–पेड़ लगाओ। क्योंकि पेड़ ही गर्मी की मार से बचा सकते हैं।

ये हवा में नमी को बढ़ाते हैं और मेघों को आकर्षित करते हैं, जिससे वर्षा होती है। आप दो करोड़ की कार को जब पार्किंग में खड़ा करते हैं तो किसी पेड़ की छांव ढूंढ़ते हैं। क्योंकि बिना छांव के खड़ी आपकी कार दस मिनट में भट्टी की तरह तपने लगती है। इस बार हज में जो एक हजार से ज्यादा लोग अब तक गर्मी से मरे हैं, वे शायद न मरते अगर उन्हें पेड़ों की छाया नसीब हो जाती।

चलो वहां तो रेगिस्तान है पर भारत तो सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलाम वाला देश है जिसका वर्णन हमारे शास्त्रों, साहित्य और इतिहास में ही नहीं चित्रकारी और मूर्तिकला में भी परिलक्षित होता है। पर दुर्भाग्य देखिए कि आज भारत भूमि तेजी से वृक्षविहीन हो रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद भारत का हरित आवरण भूभाग का कुल 24.56 प्रतिशत ही है। ये सरकारी आंकड़े हैं, जमीनी हकीकत आप खुद जानते हैं। अगर हवाई जहाज से आप भारत के ऊपर उड़ें तो आपको सैकड़ों मीलों तक धूल भरी आंधियां और सूखी जमीन नजर आती है। पर्यावरण की दृष्टि से कुल भूभाग का 34 फीसद अगर हरित आवरण हो तो हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है।

भवन निर्माताओं की अंधी दौड़, बढ़ता शहरीकरण और औद्योगीकरण, आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बड़ी–बड़ी परियोजनाएं, जंगलों के कटान के लिए जिम्मेदार हैं। मानवशास्त्र विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा का सबसे बड़ा काम जनजातीय लोग करते हैं। वे कभी गीले पेड़ नहीं काटते, हमेशा सूखी लकड़ियां ही चुनते हैं। वृक्षों की पूजा करते हैं। पर जब खान माफिया या बड़ी परियोजना की गिद्धदृष्टि वनों पर पड़ती है तो वन ही नहीं, वन्य जीवन भी कुछ महीनों में नष्ट हो जाता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए बने कानून और अदालतें केवल कागजों पर दिखाई देते हैं। सनातन धर्म सदा से प्रकृति की पूजा करता आया है। चिंता की बात यह है कि आज सनातन धर्म के नाम पर ही पर्यावरण का विनाश हो रहा है। समाचार पत्रों से सूचना मिली है कि कांवड़ियों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक विशिष्ट मार्ग का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए 33 हजार वृक्षों को काटा जाएगा। इससे पर्यावरणवादियों को ही नहीं, आम जन को भी बहुत चिंता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया है कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में फैली 111 किलोमीटर लंबी कांवड़ मार्ग परियोजना के लिए 33 हजार से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों और लगभग 80 हजार पौधों को काटा जाएगा। गौरतलब है कि इस परियोजना में 10 बड़े पुल, 27 छोटे पुल और एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है और इस परियोजना की लागत 658 करोड़ रुपये होगी। सोचने वाली बात है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटने की योजना ऐसे समय में आई है जब भारत के कई राज्य कई हफ्तों से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। भीषण तापमान ने 200 से अधिक लोगों की जान ले ली है।उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा पहले यूपी सरकार को तीन जिलों में परियोजना के लिए कुल 1,10,000 पेड़–पौधों को काटने की अनुमति देने के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मामले का स्वतरू संज्ञान लिया है। इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई, 2024 के लिए निर्धारित की गई है और एनजीटी ने यूपी सरकार से परियोजना का विस्तृत विवरण मांगा है, जिसमें काटे जाने वाले पेड़ों का विवरण भी शामिल है। हजारों पेड़ों की इस कदर निर्मम कटाई से क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तापमान में वृद्धि जारी रहेगी, बारिश का पैटर्न भी बाधित होगा और हवा और भी जहरीली हो जाएगी। हमें विकास और पारिस्थितिक संरक्षण के बीच संतुलन बनाना होगा। परियोजना की पर्यावरणीय लागत की भरपाई के लिए यूपी सरकार ने ललितपुर जिले में वनीकरण के लिए 222 हेक्टेयर भूमि की चिन्हित की है, जो इस क्षेत्र से, जहां से पेड़ काटे जाएंगे काफी दूर है। क्या यह वनीकरण, कांवड़ यात्रा मार्ग पर शुरू होने जा रही परियोजना की लागत के अनुरूप मुआवजा होगा?

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों–योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का



प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम–राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है। यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय–समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ–कुछ सीटों पर हार–जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू–मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एवं अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों–नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए संपत्ति मिलने का संकेत दे रहा है। आज परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने जायेंगे। आप यदि किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी और आप दिल खोलकर निवेश कर सकते हैं। किसी नई संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

वृष राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आपको फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज कोई भी बड़ा फैसला सावधानी पूर्वक लें। व्यापार के नजरिये से आपका काम अच्छा चलेगा। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज अपने मनपसंद ड्रेस की डिमांड करेंगे।

मिथुन राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी खास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज आय के नये–नये स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप पूरे दिन ऊर्जा से भरे रहेंगे। आज अनावश्यक उलझन लेने से आप बचने का प्रयास करें। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

कर्क राशि– आज आपका दिन मिली–जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खानपान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई कम्पूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा। कारोबारियों का काम पहले से बेहतर चलेगा। आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी। बच्चों के साथ आज अपना समय बितायेंगे। लवमेट में हुई गलत फहमियां आज दूर होंगी।जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है।

सिंह राशि– आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके मनचाहे कार्यों की पूर्ति होगी। आज घर में किसी बात को लेकर हर्षोल्लास का माहौल बन सकता है। किसी पर अधिक विश्वास करके अपनी निजी बातें शेयर न करें। आज आपकी कन्या को सफलता मिलने से घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशि– आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। छात्रों को आज अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लेना चाहिए। आज आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ सकता है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिल सकती है। व्यापारिक दृष्टि से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है, कार्य की गति बढ़ेगी। आज दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं इस दौरान खान पान का ध्यान रखना होगा।

तुला राशि–आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ आपकी मीठी नोक–झोक होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आपके भौतिक सुख–साधनों में बढ़ोतरी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिलेगी। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

वृश्चिक राशि– आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है,

धनु राशि–आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको कोई नया व्यापार शुरू करने का मौका मिलेगा। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। परिवार में किसी सदस्य को सफलता मिलने से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हे कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आज आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें।

मकर राशि–आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि–आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप किसी काम को करने से पहले उसके लिए सोच विचार अवश्य करें। आज आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। कहीं निवेश करना चाहते है तो किसी अनुभवी की सलाह जरुर ले लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि–आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी उस एनर्जी को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

# मोदी गठबंधन पूर्व गठबंधन सरकारों से अलग

अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने अपना काम शुरू कर दिया है । भारत में गठबंधन सरकारों के काम करने और उसके संचालन का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा है। गठबंधन में सरकार का नेतृत्व करने वाले दल और नेता पर साथी दल अधिक से अधिक मंत्री बनाने और जिन्हें वो चाहते हैं उन्हें मंत्री के रूप में स्वीकार करने तथा बाद में अपने अनुसार नीतियां बनवाने या बदलवाने के लिए दबाव डालते रहें। अपनी बात न मानने पर समर्थन वापसी तथा सरकार के अस्थिर होने, गिर जाने, कमजोर हो जाने की घटनाएं भी हमने देखी हैं।

जानते और चाहते हुए भी कई बार प्रधानमंत्री को नीतियों के स्तर पर वैसे कदम उठाने से स्वयं को रोकना पड़ा या उठाए हुए कदम वापस लेने पड़े जो देश के लिए आवश्यक थे। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान ऐसी कई घटनाएं हुई। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान गठबंधन सरकार को लेकर कोई आशंका उठती है तो उसे इस पृष्ठभूमि में तत्काल खारिज भी नहीं किया जा सकता। हालांकि विपक्ष इसे कमजोर व लंगड़ी सरकार बता रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के बारे में यह टिप्पणी कर रहा है कि वे शेर से बकरी हो गए हैं तो उससे पूछा जाना चाहिए कि इसके समानांतर अगर सत्ता में वे आते तो उनकी सरकार कैसी होती? कम से कम इस सरकार में एक इतनी बड़ी पार्टी है जिसके आसपास भी कोई दल नहीं। राहुल गांधी जी के शब्दों में अगर यह क्रिपल्ड सरकार है तो श्इंडियाय की सरकार क्या ठोस चट्टान वाली होती?

कहने का तात्पर्य कि हमें आशंकाओं या विपक्ष की अतिवादी आलोचनाओं में जाने की जगह वास्तविकताओं के आधार पर इसके वर्तमान एवं भविष्य का सामने नहीं आया। यह अन्य गठबंधन सरकारों से इसे अलग करता है। 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में साथी दलों के 11 मंत्रियों का होना ऐसी संख्या नहीं है जिसे लेकर इस आरोप सरकार गठन के पहले मीडिया में साथी दलों द्वारा अलग–अलग मंत्रालयों के मांग की अटकलें आ रही थी, जिनमें बिहार द्वारा रेल मंत्रालय की मांग शामिल थी।




आकलन करना चाहिए। इस प्रश्न का उत्तर तलाशना चाहिए कि आखिर अब मंत्रिमंडल गठन के बाद सरकार कैसे काम करेगी? सरकार की दिशा और दशा क्या होगी? यह बात सही है कि हमने पिछले 10 वर्षों में ऐसी मोदी सरकार देखी है जिसके पास अपनी भाजपा का बहुमत था और ऐसे बड़े फैसले हुए, कदम उठाए गए, संवैधानिक–प्रशासनिक एवं नीतियों के स्तर पर ऐसे आमूल बदलाव के निर्णय हुए जिनकी पहले कल्पना नहीं थी। स्वयं सरकार को और देश को 10 वर्षों के इस अभ्यास से बाहर निकालना कठिन होगा, लेकिन क्या वाकई इससे बाहर निकालने की अभी ही आवश्यकता महसूस होती है या संभावना दिखाई देती है?ध्यान रखिए कि पूर्व की गठबंधन सरकारों की तरह इस सरकार के गठन, मंत्रियों को सरकार में लेने या विभागों के बंटवारे में किसी तरह का खींचतान हमारे को स्वीकार कर लिया जाए कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर साथी दलों का बहुत ज्यादा दबाव था। दूसरे, विभागों के बंटवारे में भी देखें तो जिन्हें जो मिला उसे लेकर कम से कम सार्वजनिक स्तर पर किसी ने भी अपना असंतोष प्रकट नहीं किया है। ज्यादातर का बयान यही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व की शीर्ष शक्ति बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

गठबंधन सरकारों में साथी दलों के नेता इस तरह बेहिचक प्रधानमंत्री का नाम नहीं लेते थे। तीसरे, इस सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है, शीर्ष मंत्रालयों में फेरबदल न होना। आप देख लीजिए प्रधानमंत्री के बाद गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय , विदेश मंत्रालय यहां तक कि शिक्षा मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय आदि उन्हीं वरिष्ठ मंत्रियों के हाथ में है। हालांकि इसकी कहीं से पुष्टि नहीं हुई। कहने का यह अर्थ नहीं कि साथी दलों की अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं और महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप चाहत नहीं होगी और उन्होंने प्रधानमंत्री या अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के समक्ष अपनी बात रखी ही नहीं होगी। आगे भी वह अपनी बात नहीं रखेंगे ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है।

मूल बात है जिद पर अड़ना और सरकार को मजबूर करके अपने अनुकूल निर्णय बदलवा लेना। उदाहरण के लिए यूपीए सरकार में तृणमूल कांग्रेस की ओर से रेल मंत्री बने दिनेश त्रिवेदी ने अपने बजट में यात्रियों का जैसे ही किराया बढ़ाया ममता बनर्जी बिफर गई। उन्होंने न केवल बजट में परिवर्तन करने बल्कि रेल मंत्रालय से हटाने का फरमान सुनाया और मनमोहन सरकार को ऐसा ही करना पड़ा।

# भारत और साउथ अफ्रीका फाइनल मैच पर बारिश का साया, अगर मैच नहीं तो कौन होगा विजेता ?



29 जून शनिवार को रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भारत ने बिना कोई मैच गंवाए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरी तरफ एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार फाइनल में पहुंची हैं।रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया 29 जून शनिवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भारत ने बिना कोई मैच गंवाए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरी तरफ एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार फाइनल में पहुंची हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस, में शनिवार को खेला जाएगा। शनिवार को बारबाडोस में किस तरह का मौसम होगा साथ ही फाइनल मैच के लिए रिजर्व डे है या नहीं या फिर मैच नहीं हो पाया तो किसे विजेता घोषित किया जाएगा। बारबाडोस में कैसा रहेगा मौसम का हालभारतीय टीम बारबाडोस में दूसरी बार चौंपियन बनने की कोशिश करेगी तो वहीं साउथ अफ्रीका पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी। शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में बारिश का अनुमान जताया जा रहा है जिससे मैच का मजा खराब हो सकता है। शनिवार को यानी 29 जून को मौसम कि रिपोर्ट के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और बारिश के होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। हालांकि, लगातार बारिश की बात नहीं कही गई है तो वहीं इस दौरान हवा चलने की भी संभावना रहेगी। फाइनल के लिए रिजर्व डेभारत और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल मुकाबला आधिकारिक रूप से शनिवार को खेला जाएगा, लेकिन अगर बारिश की वजह से मैच नहीं खेला गया तो इसके लिए रिजर्व डे रखा गया है। इसका मतलब ये है कि अगर मैच शनिवार को नहीं हो पाता है तो रविवार को मैच खेला जाएगा। फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि रिजर्व डे वाले दिन भी बारिश की संभावना जताई जा रही है। अगर रविवार को भी बारिश होती है और मैच नहीं हो पाता है तो दोनों टीमों के लिए अच्छा नहीं होगा। कौन होगा विजेता? बारबाडोस में शनिवार औ रविवाद दोनों ही दिन बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है। वैसे अगर बारिश रुकती है और खेलने के लिए स्थिति अनुकूल होती है तो मैच तो होगा, लेकिन अगर फाइनल मुकाबला नहीं हुआ तो फिर भारत और साउथ अफ्रीका दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषिता किया जाएगा। इसका मतलब ये होगा कि टी20 के इतिहास में पहली बार हो सकता है कि दो टीमें सयुंक्त रूप से विजेता बने।


# भारत और साउथ अफ्रीका फाइनल मैच पर बारिश का साया, अगर मैच नहीं तो कौन होगा विजेता ?




29 जून शनिवार को रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भारत ने बिना कोई मैच गंवाए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरी तरफ एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार फाइनल में पहुंची हैं।रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया 29 जून शनिवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भारत ने बिना कोई मैच गंवाए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरी तरफ एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार फाइनल में पहुंची हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस, में शनिवार को खेला जाएगा। शनिवार को बारबाडोस में किस तरह का मौसम होगा साथ ही फाइनल मैच के लिए रिजर्व डे है या नहीं या फिर मैच नहीं हो पाया तो किसे विजेता घोषित किया जाएगा। बारबाडोस में कैसा रहेगा मौसम का हालभारतीय टीम बारबाडोस में दूसरी बार चौंपियन बनने की कोशिश करेगी तो वहीं साउथ अफ्रीका पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी। शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में बारिश का अनुमान जताया जा रहा है जिससे मैच का मजा खराब हो सकता है। शनिवार को यानी 29 जून को मौसम कि रिपोर्ट के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और बारिश के होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। हालांकि, लगातार बारिश की बात नहीं कही गई है तो वहीं इस दौरान हवा चलने की भी संभावना रहेगी। फाइनल के लिए रिजर्व डेभारत और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल मुकाबला आधिकारिक रूप से शनिवार को खेला जाएगा, लेकिन अगर बारिश की वजह से मैच नहीं खेला गया तो इसके लिए रिजर्व डे रखा गया है। इसका मतलब ये है कि अगर मैच शनिवार को नहीं हो पाता है तो रविवार को मैच खेला जाएगा। फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि रिजर्व डे वाले दिन भी बारिश की संभावना जताई जा रही है। अगर रविवार को भी बारिश होती है और मैच नहीं हो पाता है तो दोनों टीमों के लिए अच्छा नहीं होगा।
कौन होगा विजेता? बारबाडोस में शनिवार औ रविवाद दोनों ही दिन बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है।
वैसे अगर बारिश रुकती है और खेलने के लिए स्थिति अनुकूल होती है तो मैच तो होगा, लेकिन अगर फाइनल मुकाबला नहीं हुआ तो फिर भारत और साउथ अफ्रीका दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषिता किया जाएगा। इसका मतलब ये होगा कि टी20 के इतिहास में पहली बार हो सकता है कि दो टीमें सयुंक्त रूप से विजेता बने।

# पहले राहुल द्रविड़ ने विराट कोहली को लेकर भविष्यवाणी, कहा– मुझे लगता है कि एक बड़ा स्कोर...




लगातार कम स्कोर के बावजूद, राहुल द्रविड़ विराट कोहली के हालिया प्रदर्शन में एक उम्मीद की किरण देखते हैं और सबसे बड़े मंच पर संभावित मैच जिताऊ पारी की भविष्यवाणी करते हैं। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ सफलता के बीच, विराट कोहली के मात्र 9 रन पर आउट होने से उनके फॉर्म को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में विराट कोहली के बल्ले से संघर्ष ने टीम के लिए कुछ मुश्किलें पैदा की हैं, लेकिन भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपने स्टार खिलाड़ी पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। लगातार कम स्कोर के बावजूद, द्रविड़ विराट कोहली के हालिया प्रदर्शन में एक उम्मीद की किरण देखते हैं और सबसे बड़े मंच पर संभावित मैच जिताऊ पारी की भविष्यवाणी करते हैं। भारत ने इंग्लैंड पर 68 रन की शानदार जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने मजबूत बल्लेबाजी की नींव रखी, जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। हालांकि, इस सामूहिक सफलता के बीच, विराट कोहली के मात्र 9 रन पर आउट होने से उनके फॉर्म को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद राहुल द्रविड़ ने कहा कि, विराट के साथ, जोखिम भरा क्रिकेट खेलना कभी कभी उल्टा पड़ सकता है। उन्होंने आज एक अच्छा छक्का लगाया, जिसमें मैच की लय बनी, लेकिन दुर्भाग्य से गेंद थोड़ी ज्यादा सीम कर रही थी। हालांकि, मुझे उनका इरादा और पारी को आगे बढ़ाने का तरीका पसंद आया। ये टीम के लिए एक बेहतरीन उदाहरण है कि वह जोखिम उठाने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही द्रविड़ का मानना है कि कोहली एक अहम स्कोर बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि, मैं इस अपशकुन नहीं बनाना चाहता, लेकिन मुझए लगता है कि एक बड़ा स्कोकर आने वाला है। मुझे मैदान पर उनका रवैया और प्रतिबद्धता पसंद है। वह इसके हकदार हैं।

# सेमीफाइनल में हार के बाद जोस बटलर का बयान, कहा–

मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक और स्वीकार किया कि यहां की टर्न लेती पिच पर मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक थी। भारतीय स्पिनरों अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने तीन–तीन विकेट लिए ।इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत ने उन्हें चारों खाने चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और स्वीकार किया कि यहां की टर्न लेती पिच पर मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक थी। भारतीय स्पिनरों अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने तीन–तीन विकेट लिए जिससे भारत ने 172 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे गत चौंपियन इंग्लैंड को 16.4 ओवर में 103 रन पर आउट करके 68 रन से जीत दर्ज की।बटलर ने कहा,''यह बेहद निराशाजनक है। भारत ने मैच में हमें चारों खाने चित किया। वह जीत के पूरे हकदार थे। उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया। मुझे उम्मीद थी कि हम उन्हें 145–150 रन पर रोक देंगे। इससे अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल था। '' इंग्लैंड के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन उन्होंने स्पिनरों की अनुकूल पिच पर आदिल रशीद और लियाम लिविंगस्टोन पर भरोसा जताया और मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाई।




बटलर से पूछा गया कि क्या उनकी रणनीति नाकाम रही या उस पर अमल नहीं किया गया,उन्होंने कहा,''थोड़ा बहुत दोनों ही। मेरा मानना है कि उन्होंने अच्छा खेल दिखाया। पावर प्ले में भाग्य ने भी हमारा साथ नहीं दिया। तब कुछ करीबी फैसले हमारे पक्ष में नहीं गए।'' उन्होंने कहा,''मुझे मोईन अली से गेंदबाजी करवानी चाहिए थी। इस तरह से इधर–उधर हमने कुछ गलतियां की।'' विकेट से बहुत अधिक टर्न मिल रहा था और गेंद नीचे भी रह रही थी। रोहित ने परिस्थितियों को अच्छी तरह से भांपते हुए करीबी क्षेत्ररक्षण लगाया था। बटलर ने कहा,''मुझे लगता है कि हर कोई जानता था कि यह विकेट कैसा होगा। इसमें उछाल कम थी और हां भारत ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने हमारी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया।'' भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले फाइनल के बारे में बटलर ने कहा,''चोटी की दो टीम फाइनल में पहुंची है और यह करीबी मुकाबला होगा। दोनों टीम वास्तव में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और यह मुकाबला रोमांचक होगा।

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 68 रनों से रौंदा, टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में की एंट्री, अब साउथ अफ्रीका से मुकाबला

भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में एंट्री कर ली है। इसके अलावा भारतीय टीम ने साल 2022 एडिलेड का बदला भी इंग्लैंड से ले लिया है। इस दौरान भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 16.4 ओवर में 103 रनों पर ही ऑलआउट हो गई।टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में एंट्री कर ली है। इसके अलावा भारतीय टीम ने साल 2022 एडिलेड का बदला भी इंग्लैंड से ले लिया है। इस दौरान भारत ने टॉस गंवाकर पहले



# साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्मृति मंधाना–शेफाली वर्मा ने ठोका शतक

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में संेचुरी जड़ दी है। कुछ ही गेंद के अंदर इन दोनों खिलाड़ियों ने अपना शतक जड़ दिया। एक समय लग रहा था कि मंधाना पहले शतक पूरा करेगी लेकिन शेफाली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर पहले शतक पूरा किया।भारतीय



महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में संेचुरी जड़ दी है। कुछ ही गेंद के अंदर इन दोनों खिलाड़ियों ने अपना शतक जड़ दिया। एक समय लग रहा था कि मंधाना पहले शतक पूरा करेगी लेकिन शेफाली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर पहले शतक पूरा किया। उन्होंने 113 गेंद 15 चौके और दो छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया। बता दें कि, शेफाली का टेस्ट में ये पहला शतक है, जबकि स्मृति मंधाना ने अपनी पारी में 19 चौकों की मदद से 122 गेंद में संेचुरी पूरी की। पिछले चार इंटरनेशनल मैच में स्मृति मंधाना का ये तीसरा शतक है।

# डाइटिंग किए बिना वजन घटाना चाहते हैं ? अपनाएं ये 5 प्रभावी तरीके

आमतौर पर लोग वजन घटाने के लिए डाइटिंग करना शुरू कर देते हैं, लेकिन अगर इसका तरीका सही न हो या फिर मनचाह परिणाम न मिले तो कोई फायदा नहीं है।अगर आप जिम जाना नहीं चाहते या अपना पसंदीदा व्यंजन छोड़े बिना वजन घटाना चाहते हैं तो वजन घटाने के लिए कई प्रभावी तरीके हैं।आइए जानते हैं कि वजन घटाने के लिए डाइटिंग के अलावा क्या–क्या किया जा सकता है।हाइड्रेशन का रखें ध्यानभरपूर पानी का सेवन वजन नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए रोजाना कम से कम 7 से 8 गिलास पानी पीने की जरूरत होती है। सही मात्रा में पानी पीना, विशेष रूप से गर्म पानी शरीर के फैट को कम करने में मदद कर सकता है।आप चाहें तो अपनी डाइट में डिटॉक्स वॉटर भी शामिल कर सकते हैं।यहां जानिए पानी को पर्याप्त मात्रा में पीने के तरीके।

पर्याप्त नींद लेना है महत्वपूर्णअगर घर में एसी या कूलर जैसे उपकरण नहीं हैं तो आपके लिए उमस भरे मौसम में 7–8 घंटे की नींद लेना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रोजाना इतने घंटे की नींद पूरी करना जरूरी है।दरअसल, वजन घटाने के लिए मेटाबॉलिज्म के स्तर का तेज होना महत्वपूर्ण है, जिसके लिए पर्याप्त नींद लेना जरूरी है।यहां जानिए सुकुन की नींद लेने के लिए किए जाने वाले जरूरी काम।मन लगाकर खाना खाएंमन लगाकर खाना खाने से मतलब है कि भोजन करते समय अपना पूरा ध्यान उस पर लगाएं क्योंकि यह भूख के संकेतों को पहचानने और अधिक खाने से रोकने में मदद कर सकता है।हालांकि, आजकल लोग खाते समय मोबाइल और टीवी को देखते हुए खाना खाते हैं, जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और वजन बढ़ाने का भी कारण बन सकता है।इसलिए आप ऐसा न करें और मन लगाकर खाना खाएं।तनाव को कम करने की करें कोशिशऐसी कई परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती है, जो तनाव दे सकती हैं। हालांकि, इसे बढ़ने से रोकना बहुत जरूरी है।इसका कारण है कि तनाव वजन को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकता है क्योंकि भावनात्मक रूप से खाने की लालसा को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ता है।इस समस्या को प्रबंधित करने के लिए आप ध्यान, योग, एक्यूपंक्चर और अरोमाथेरेपी आजमा सकते हैं।यहां जानिए नाचने से वजन कैसे कम होता है।खुद को भूखा न रखेंखुद को भूखा न रखें और भूख लगने का इंतजार न करें, बल्कि रोजाना दिन में 5 से 6 बार कुछ न कुछ हल्का खाएं।इसका कारण है कि भूख लगने पर अनहेल्दी स्नैकिंग की लालसा बढ़ जाती है।



# मेकअप के कई उत्पादों का विकल्प बन सकता है लिप ग्लास, जानिए इस्तेमाल के तरीके

लिप ग्लॉस को होंठों की देखभाल के लिए एक बेहतरीन उत्पाद माना जाता है क्योंकि यह होंठों को मॉइस्चराइज करने, मुलायम बनाने और चमक प्रदान करने में मदद कर सकता है।आमतौर पर महिलाएं इसका इस्तेमाल होंठों को रूखेपन या फटने से बचाने के लिए करती हैं, लेकिन यह कई अन्य मेकअप प्रोडक्ट्स का विकल्प भी बन सकता है।आइए जानते हैं कि लिप ग्लॉस का इस्तेमाल किन–किन उत्पादों का काम कर सकता है।हाइलाइटर के तौर पर करें इस्तेमाल

हाइलाइटर चेहरे के बेस्ट फीचर्स को हाइलाइट करने में मदद करता है। इसलिए सिर्फ प्रोफेशनल्स ही नहीं, बल्कि आम लड़कियां भी इसका इस्तेमाल करती हैं।हालांकि, अगर आपका हाइलाइटर खत्म हो जाता है या कहीं जाते समय आप होंठों और गाल के लिए दो अलग–अलग उत्पाद को अपने पर्स में नहीं करना चाहती हैं तो इसमें लिप ग्लॉस मदद कर सकता है।इसका कारण है कि लिप ग्लॉस, हाइलाइटर का काम कर सकता है।



क्रीम ब्लश की जगह लगाएंक्रीम ब्लश में मॉइस्चराइजिंग क्रीम और बटरी सॉफ्ट फॉर्मूला होता है, जो इसे रूखी त्वचा वाले लोगों के लिए सही बनाता है।यह आपकी त्वचा पर आसानी से ब्लेंड हो जाता है और आपके गालों को प्राकृतिक निखार देता है।हालांकि, अगर आपके पास गुलाबी रंग का लिप ग्लॉस है तो आप उसका इस्तेमाल बतौर क्रीम ब्लश कर सकते हैं। गाल पर लिप ग्लॉस लगाने के बाद इसे अच्छे से ब्लेंड करें।यहां जानिए ब्लश के प्रकारे।आइब्रो जेल का कर सकता है कामआइब्रो जेल आपकी आइब्रो को लंबे समय तक सेट रखने में मदद कर सकता है, लेकिन अगर आपके पास यह नहीं है और क्लियर लिप ग्लॉस है तो आप आइब्रो को उससे भी सेट कर सकते हैं।लाभ के लिए थोड़ा–सा लिप ग्लॉस अपने एक उंगली पर लगाकर हल्के हाथों से अपनी आइब्रो पर लगाएं।यह आइब्रो को घनी, मोटी और मॉइस्चराइज रखने में मदद कर सकता है।यहां जानिए महिलाओं की मेकअप किट के लिए जरूरी आई प्रोडक्ट्से।आईशैडो की तरह लगाएंआपको नो मेकअप लुक पसंद है तो कोई भी आईशौडो लगाने की बजाय आंखों पर गुलाबी रंग का लिप ग्लॉस लगाएं।लाभ के लिए सबसे पहले पलकों पर आई प्राइमर का इस्तेमाल करें, फिर गुलाबी रंग के लिप ग्लॉस को लगा लें। इसके बाद इसे उंगली की मदद से अच्छी तरह से ब्लेंड करें।यह आंखों को चमक देने और आकर्षक बनाने में मदद कर सकता है। बालों को बना सकता है आकर्षक रूखे और बेजान बाल पूरे लुक को खराब कर सकता है। इससे छुटकारा पाने के लिए भी लिप ग्लॉस का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत, फिल्म का मोशन पोस्टर जारी



एक्टर—फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है।मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नहीं है।मोशन पोस्टर के साथ जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम हैंडल पर कैप्शन लिखा था, आपकी दवा (मेडिसिन) वास्तव में किस चीज से बनी है? पिल विशेष रूप से 12 जुलाई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग। रितेश हॉरर कॉमेडी फिल्म काकुड़ा में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा और साकिब सलीम भी होंगे। यह शो 12 जुलाई को प्रसारित होगा।काकुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापग्रस्त रतोडी गांव पर आधारित है। फिल्म में जिले के हर घर में दो दरवाजे हैं, जो एक सामान्य आकार का और दूसरा छोटा है। कहानी एक अजीबोगरीब रस्म के इर्द—गिर्द घूमती है, इसके तहत हर मंगलवार शाम 7.15 बजे हर घर का छोटा दरवाजा खोलना जरूरी होता है। अगर कोई इसका पालन नहीं करता है, तो उसे काकुड़ा का गुस्सा झेलना पड़ता है, जो घर के मुखिया को सजा देता है। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

# अल्लारी नरेश की फिल्म बच्चला मल्ली का पहला लुक सामने आया



हीरो अल्लारी नरेश अपनी आगामी फिल्म बच्चला मल्ली में एक गंभीर भूमिका में रोमांचित करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन सोलो ब्रैथुके सो बेटर फेम सुब्बू मंगादेवी कर रहे हैं। रजेश डांडा और बालाजी गुट्टा इस फिल्म का निर्माण हास्य मूवीज के बैनर तले कर रहे हैं, जिसने ब्लॉकबस्टर समाजवरगमना और ऊरु पेरू भैरवकोना जैसी फिल्में दी हैं। निर्माताओं ने आज फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया।अल्लारी नरेश अस्त—व्यस्त बालों और असमान दाढ़ी के साथ पहले कभी न देखे गए सामूहिक अवतार में दिखाई दे रहे हैं। रिक्शा पर बैठे और सिगरेट पीते हुए, नरेश अपनी आँखों में तीव्रता के साथ एक गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने गले और हाथ में पवित्र धागे पहने हुए हैं। पृष्ठभूमि में, हम आतिशबाजी के साथ एक कार्निवल देख सकते हैं और लोग क्रूर देवताओं की वेशभूषा में हैं। हाई—वोल्टेज फाइट सीक्वेंस का यह आकर्षक पहला पोस्टर दर्शाता है कि बच्चला मल्ली एक गहन और अपनी तरह की पहली एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म में अमृता अय्यर मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं, जबकि उनके अपोजिट अल्लारी नरेश हैं। रोहिणी, राव रमेश, अच्युत कुमार, बालगाम जयराम, हरि तेजा, प्रवीण, विवा हर्ष आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।बड़े पैमाने पर बनने वाली बच्चला मल्ली में कुछ मशहूर तकनीशियन अलग—अलग विभागों को संभालेंगे। सीता रामम से मशहूर हुए विशाल चंद्रशेखर संगीत देंगे, जबकि रिचर्ड एम नाथन जिन्होंने मनाडू, रंगम और मट्टी कुश्ती जैसी फिल्मों में काम किया है, कैमरा संभालेंगे। छोटा के प्रसाद संपादक हैं और ब्रह्मा कदली प्रोडक्शन डिजाइनर हैं।जबकि कहानी और संवाद सुब्बू ने खुद लिखे हैं, विपार्थी मधु ने पटकथा लिखी है और अतिरिक्त पटकथा विश्वनेत्र ने लिखी है।कहानी नायक की भावनात्मक यात्रा है और यह 1990 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग आरएफसी, हैदराबाद में हो रही है। प्रोडक्शन का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।

# मालविका की तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, अभिनेत्री के खूबसूरत चेहरे से निगाहें हटाना हुआ मुश्किल

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस मालविका मोहनन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनसे कापी ज्यादा इंप्रेस हो गए हैं।एक्ट्रेस मालविका मोहनन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका फैशन स्टेटमेंट अक्सर फैंस के बीच ट्रेंड करता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही खूबसूरत व्हाइट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मालविका मोहनन कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक लोगों के बीच वायरल होने लगता है। चाहें इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं।



खुले बाल, न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को बेहद खूबसूरती के साथ निखारा है।मालविका मोहनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस रजनीकांत की फिल्म पेट्टा, मास्टर, पट्टम रोल, मारन जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# इंडस्ट्री ने शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से कराया परिचित आशा नेगी

हाल ही में रिलीज हुए शो इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं एक?ट्रेस आशा नेगी ने कहा कि यह सीरीज लोगों को शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराती है।हिंदी फिल्म उद्योग के अंदरूनी



लोगों की झलक दिखाने वाली इस सीरीज के बारे में बात करते हुए आशा ने कहा, शो इंडस्ट्री को बहुत अच्छी समीक्षाएं मिल रही हैं और खास तौर पर इंडस्ट्री के लोगों से इसे काफी सराहना मिल रही है, क्योंकि यह हर किसी से मेल खाती है।

अपने किरदार को लेकर आशा ने कहा कि लोग उनके महत्वाकांक्षी किरदार सान्या सेन से जुड़ रहे हैं। अब तक फीडबैक बहुत बढ़िया रहा है। बहुत से लोग, खास तौर पर इंडस्ट्री के लोग मेरे किरदार से जुड़ रहे हैं।टीवी शो पवित्र रिश्ता से चर्चा में आईं एक?ट्रेस ने यह भी कहा के इंडस्ट्री पर्दे के पीछे के संघर्षों को उजागर करती है।उन्होंने कहा, उद्योग से बाहर के लोगों को यह शो दिखाता है कि बाहर से ग्लैमरस दिखने वाली इस इंडस्ट्री के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष होता है।इस ग्लैमर में बहुत धैर्य, कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष छिपा है।बारिश, लूडो, अभय और कॉलर बम जैसी हिट ओटीटी परियोजनाओं में काम करने वाली आशा ने कहा, उद्योग से बाहर के लोग असली चुनौतियों को जान रहे हैं, जबकि उद्योग में लोग हर संवाद, एपिसोड और चरित्र से जुड़ सकते हैं। टीवीएफ से अरुणाभ द्वारा निर्मित और नवजोत गुलाटी और श्रेयश पांडे द्वारा निर्देशित, इंडस्ट्री हाल ही में अमेजन मिनी टीवी पर आई है।

# फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी जारी, अक्षय कुमार ने दिखाया आम आदमी का जिद्दी अंदाज

अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म सरफिरा को लेकर कमर कस चुके हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। वहीं, अब सरफिरा का पहला मार उड़ी जारी कर दिया गया है, जिसमें आम आदमी बने अक्षय कुमार का जिद्दी अंदाज देखने को मिल रहा है।सरफिरा में अक्षय कुमार का किरदार एक ईमानदार शख्स है, जो सिस्टम के खिलाफ जाता है, लेकिन इस सफर में उसके सामने मुश्किलों का एक पहाड़ खड़ा है।अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर सरफिरा के लेटेस्ट ट्रैक की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, दिल है ये बावरा, लड़ने से कब डरता हैज। उन्होंने ये भी लिखा, जब जिंदगी कोई चुनौती देती है, तो बस उसकी आंखों में देखो और मार उड़ी!! गाना रिलीज हो गया है। अब सरफिरा होने का वक्त आ गया है। 12 जुलाई को फिल्म रिलीज हो रही है।सरफिरा के गाने मार उड़ी की शुरुआत अक्षय को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के एक साइंस इवेंट से बाहर निकाले जाने से होती है, जबकि वो विनती कर रहे होते हैं। इसके बाद बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनाई देती है, जो कहते हैं, एविएशन का बिजनेस करना हर किसी के बस की बात नहीं है।मार उड़ी में एक सीन फ्लैश बैक का भी दिखाया जाता है, जिसमें अक्षय कुमार भारी भीड़ के साथ विरोध करते हुए दिखते हैं। जैसे—जैसे वीडियो




आगे बढ़ता है, अक्षय का किरदार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करता हुआ दिखाई देता है। क्लिप में उन्हें डेक्कन एयरलाइन के विमान के सामने खड़ा दिखाया गया है।सरफिर के इस गाने में अक्षय कुमार एक रेडियो स्टेशन पर बोलते हुए भी दिखते हैं। वो कहते हैं, मैं आम लोगों के लिए सिर्फ कॉस्ट बैरियर नहीं, बल्कि कास्ट बैरियर भी तोड़ना चाहता हूं। गाने में परेश रावल और अक्षय कुमार के साथ राधिका मदान भी नजर आती हैं।

# स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सान्ग चाहूं हुआ रिलीज

सिंगर स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सॉन्ग चाहूं रिलीज हो चुका है। यह गाना दिल को छू जाएगा। गाना 3 मिनट 21 सेकंड का है, जो लव फीलिंग को बाहर लाता है। यह आपको फिर से प्यार में पड़ने पर मजबूर कर देगा।

यूजिक वीडियो की शूटिंग बर्फीले पहाड़ियों की वादियों में की गई है। इसमें स्टेबिन के साथ एक्ट्रेस सरगुन कौर लूथरा नजर आ रही हैं।बता दें कि सरगुन ने 2017 में टीवी के थ्रिलर शो काल भैरव रहस्य से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह कलर्स के हॉरर शो तंत्र, स्टार प्लस के शो ये हैं चाहतें में दिखाई दी।

चाहूं सॉन्ग को हर्ष करगेती ने कंपोज किया है। वहीं स्टेबिन और नीति ने गाने में अपनी आवाज दी है।

गाने के बारे में बात करते हुए, स्टेबिन ने कहा, चाहूं के लिए नीति और हर्ष के साथ काम करना मजेदार एक्सपीरियंस रहा। यह हमारा पहला कोलैबोरेशन है। यह इस सीजन के लिए परफेक्ट लव सॉन्ग बन गया है। मुझे वाकई उम्मीद है कि सभी को यह ट्रैक पसंद आएगा और वे इस पर कुछ दिलचस्प रील बनाएंगे।

वहीं नीति ने कहा, मैं चाहूं गाने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। यह एक खूबसूरत गाना है।



साथ ही, स्टेबिन के साथ पहली बार गाना और उनके साथ मिलकर काम करना शानदार अनुभव है। कंपोजर हर्ष और राइटर समय ने भी बेहतरीन काम किया है। यह वीवाईआरएल ऑरिजिनल्स के साथ मेरा पहला सॉन्ग है। इस गाने को रील्स पर पहले ही शानदार रिस्पांस मिल रहा है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इस गाने को उतना ही एन्जॉय करेगा जितना हमने इसे रिकॉर्ड करते समय किया है।

यह गाना वीवाईआरएल ऑरिजिनल्स के यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध है।

बात करें स्टेबिन बेन के मशहूर गानों की तो, रुला के गया इश्क, बारिश बन जाना, मेरे महबूब, दुआ करो, दिल लाया दिमाग लाया, एक तू ही तो है, दीवाना, समझ न पाओगे, थोड़ा थोड़ा प्यार, जिए तो जिए कैसे 2.0 जैसे सुपरहिट सॉन्ग्स शामिल हैं।वहीं नीति मोहन के बारे में बात करें तो उन्होंने कई हिट गाने दिए हैं, जिसमें मेरी जिंदगी है तू, चल तेरे इश्क में, नैनोवाले ने, फर्स्ट क्लास, कश्मीर मैं तू कन्याकुमारी, दर्द दिलों के, खींच मेरी फोटो, बैंग बैंग आदि शामिल है।

# बाक्स आफिस पर चंदू चौंपियन की कमाई में गिरावट जारी, 13वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चौंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की हो रही तारीफ के बाद भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई नहीं कर सकी है।यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।चंदू चौंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दूसरे सप्ताह में इस फिल्म की दैनिक कमाई में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चौंपियन ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 54.75 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है।बता दें कि चंदू चौंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है।

# बाक्स आफिस मुंज्या का बेहतरीन प्रदर्शन जारी, अब कल्कि 2898 एडी से होगा सामना

मोना सिंह, शरवरी वाघ और अभय वर्मा की फिल्म मुंज्या का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन शुरुआत से जारी है।यह फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।जहां दुनियाभर में इसने 100 करोड़ रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है, वहीं धीरे—धीरे यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ की ओर बढ़ रही है।आइए जानते हैं मुंज्या ने 20वें दिन कितने रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 89.95 करोड़ रुपये हो गया है।हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजान ने किया है। आदित्य सरपोतदार ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है।बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या का सामना कार्तिक आर्यन की फिल्म मुंज्या से हो रहा है।इसके अलावा प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म कल्कि 2898 एडी भी आज यानी 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।



# बहुजन समाज की राजनीति में दिखी क्रांति की नई अलख

## -पूर्व विधायक ने चिंतन-मंथन गोष्ठी के बहाने टटोली बहुजन समाज की नब्ज

सोनभद्र(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के बाद एकाएक बहुजन समाज की राजनीति में एक नई क्रांति जन्म लेती दिख रही है। बहुजन राजनीति के नायक रहे मान्यवर कांशीराम को अपना आदर्श मानने वाले पूर्व विधायक शारदा प्रसाद ने बहुजन चिंतन–मंथन गोष्ठी के जरिए न केवल बहुजन समाज में नई ऊर्जा का संचार किया, बल्कि लम्बे अरसे से बहुजन समाज की राजनीति कर रहे लोगों को एकमंच पर आने का न्यौता भी दिया। हालांकि कुछ इसे सकारात्मक नजरिए से देख रहे हैं, वहीं बहुत से बहुजन नेता ऐसे हैं जिनकी पेशानी पर अभी से बल पड़ने लगा है।विदित हो कि बहुजन समाज हमेशा से भारतीय राजनीति का केन्द्र बिंदु रहा है और इसके आगे भी रहने की प्रबल संभावनाएं है। बावजूद इसके आज तक बहुजन समाज को ठीकठाक प्रतिनिधि की कमी हमेशा रही। अलग–अलग समय पर अलग–अलग नेता उभरे, लेकिन वह बहुजन समाज के लिए बहुत कुछ नहीं कर पाए। अधिकांश नेताओं का दायरा चुनाव लड़ने लड़ाने तक ही सीमित रहा। इसी बीच लोकसभा चुनाव में बहुजन नायक कांशीराम द्वारा स्थापित बहुजन समाज पार्टी की करारी हार ने समाज को सोच में डाल दिया। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कांशीराम के साथ काम कर चुके पूर्व विधायक शारदा प्रसाद ने बहुजन चिंतन–मंथन गोष्ठी का आयोजन किया। इसके पीछे उन्होंने अपनी मंशा भी जाहिर की। बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद दलित राजनीति में शिथिलता देखी जा रही है, जिसे सक्रियता में बदलने और कांशीराम व डा. भीमराव अम्बेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए यह गोष्ठी बुलाई गयी है, जिसमें बहुजन समाज के लोग अपने विचारों का आदान–प्रदान करेंगे और जो बाते गोष्ठी के माध्यम से छन कर सामने आएगी उसके अनुसार आगे की रणनीति को तैयार कर बहुजन समाज के राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए उनके हक और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। हालांकि उनकी यह मंशा कुछ दलित नेताओं को पच नहीं रही है, वहीं बहुत से लोग ऐसे हैं जो उनके इस फैसले का स्वागत व सम्मान भी करते दिखे। फिलहाल यह प्रयास बहुजन समाज में नई राजनीतिक क्रांति के रूप में जन्म लेती दिख रही है। इस मौके पर भोलानाथ बच्चन , मोहम्मद असलम हाशमी , राकेश , मोहन बिंद , चबीनाथ , जयप्रकाश बियार, सैफ ,हीरा लाल, महिंदर मौर्य ,मनीषी पटेल , दूधनाथ भारती , दुर्गावती बियार, सुभाष भारती, रविप्रकास मौर्या ,अरविंद भारती,सुषमा , ऊषा भारती।

# अनटाईड फण्ड की धनराशि के खर्च में शिथिलता पर डी0पी0एम0 और डी0ए0एम0 को नोटिस

सोनभद्र(आरएनएस)। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अनटाईड फण्ड में व्यय की गयी धनराशि की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि अनटाईड फण्ड के धनराशि के खर्च में शिथिलता बरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने डी0पी0एम0 और डी0ए0एम0 को नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि धनराशि व्यय में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, सी0एच0सी0,पी0एच0सी0 के प्रभारी अनटाईड फण्ड के धनराशि समय से व्यय करना सुनिश्चित करें, धनराशि के व्यय में शिथिलता बरतने से विकास के कार्य प्रभावित होते हैं, इस दौरान उन्होंने जनपद में संचालित प्राईवेट चिकित्सालयों के निरीक्षण व की जाने वाली कार्यवाही की भी समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित नोडल अधिकारी पंजीयन निजी चिकित्सालय को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सालय में चिकित्सकों के उपलब्धता के आधार पर ही किसी भी मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर का पंजीकरण किया जाये और चिकित्सकों की सुविधा उपलब्धा होने पर मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल बोर्ड पर अंकित किया जाये अन्यथा की स्थिति में क्लीनिकल स्टेब्लिसमेन्ट (पंजीकरण एवं नियमन) एक्ट 1010 एवं 2016 उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण के कोई भी चिकित्सालय जनपद में संचालित पाया जाता है तो सम्बन्धित चिकित्सालय के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने कहा कि बिना पंजीयन के जनपद में यदि कोई भी चिकित्सालय संचालित हो रहे हों, तो वह तत्काल बन्द कर दिये जाये। उन्होंने कहा कि प्राईवेट चिकित्सालयों की संघन जॉच नियमित रूप से सम्बन्धित टीम द्वारा सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत–प्रतिशत अल्ट्रासाउण्ड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने यू0पी0आर0एन0एस0 द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तो निर्माण कार्यो की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले जे0ई0 के निलम्बन हेतु संस्तुति की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य व सब सेन्टर पर हो रही डिलेवरी के प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूता महिलाओं के खाते में भेजे जाने वाली धनराशि के भुगतान की समीक्षा, समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगवां में भुगतान की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने डी0ए0एम0, डी0सी0पी0एम0 को नोटिस जारी कर मानदेय भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, दवा की उपलब्धता, टीकाकरण, अल्टासाउण्ड आदि कार्यों की प्रगति समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य रहने हेतु समय–समय पर टीककरण के साथ ही दवाएं आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाये और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी नियमित रूप से किया जाये, इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले आशा, ए0एन0एम0 के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। स्वास्थ्य योजनाओं से सम्बन्धित कार्यों में जिन आशा, ए0एन0एम0 द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, इनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, ए0सी0एम0ओ0 डॉ0 आर0जी0 यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# दुल्हन के लिबास में बारात लेकर प्रेमी के घर पहुँची प्रेमिका, प्रेमी फरार

सोनभद्र(आरएनएस)। रायपुर थाना क्षेत्र के पनिकप खुर्द गांव में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब पहले से शादीशुदा और तीन बच्चों की मां बैंड–बाजे के साथ बरात लेकर कथित प्रेमी के घर पहुंच गई और उसके साथ शादी की जिद करने लगी। विवाहिता ने युवक पर नौ साल से संबंध बनाने, विंध्याचल ले जाकर शादी रचाने, बाद में मुकर जाने के आरोप लगाए। विवाहित ने पुलिस से भी मदद न मिलने का आरोप लगाया। रायपुर पुलिस के पहुंचने के बाद डीजे वाले हट गए। समाचार दिए जाने तक प्रेमिका शादी की जिद लेकर, प्रेमी के घर पर ही जमी हुई थी। बताया जाता है कि रायपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली प्रेमिका के मुताबिक वर्ष 2009 में रायपुर थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। उसके संयोग से एक पुत्री, दो पुत्र पैदा हुए। आरोप है कि वर्ष 2015 में वह मायके आई हुई थी। उसी दौरान संदीप जायसवाल पुत्र जगदीश जायसवाल निवासी पनिकप खुर्द मायके में अकेला पाकर उसके साथ जबरिया शारिरिक संबंध बना लिया। संबंधों का एमएमएस वायरल करने की धमकी देकर कई साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा और वर्ष 2020 में उसने इसकी जानकारी उसके पति को दे दी, इसके बाद विवाहिता के पति ने उसे छोड़ दिया। तब, वह राबर्ट्सगंज में बच्चों के साथ आकर रहने लगी। संदीप जायसवाल उसके पास आया और उससे शादी करके रखने की बात कही।शादी का झांसा देकर उससे शारिरिक संबंध बनाने का क्रम जारी रखा। विवाहिता का आरोप है कि विंधयाचल जाकर उससे शादी भी रचा ली। जब उसने शादी को वैधानिक जामा पहनाने को कहा तो उसे अपने पति से तलाक की राय दी। वह अपने पति से तलाक देने के लिए बात कर रही थी, इस बीच आरोपी उसकी बेटी के साथ गलत नियत रखता शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने बेटी के साथ जबरदस्ती करने की भी कोशिश की। एतराज पर उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक पुलिस से गुहार लगाई गई लेकिन पुलिस ने तालमटोल करने के अतरिक्त कोई मदद नहीं की। सबसे अजीज आकर आज वह स्वयं बारात लेकर प्रेमी के दरवाजे पर पहुंच गई। हालांकि इस मामले में प्रेमी पक्ष की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।उधर पुलिस का कहना है कि प्रभारी निरीक्षक मौके पर मौजूद है प्रकरण के निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम ने निपुण भारत अभियान के तहत विद्यालयों में कराए जा रहे निर्माण कार्य की समीक्षा कर ली जानकारी

## 'गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ समय से पूर्ण कराने का दिया निर्देश

मीरजापुर(आरएनएस)। निपुण भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विद्यालयों में कराए जा रहे विद्यालयों का निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के प्रगति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान छानबे विकास खण्ड के बिसहड़ा व बरूआ विद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य की पूर्णता पर गलत रिपोर्ट लगाये जाने सम्बन्धित बीईओ व अवर अभियन्ता आरईएस से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। इसी प्रकार मड़िहान में विद्यालय के पुर्ननिर्माण के पूर्ण होने के बाद भी आरईडी अवर अभियन्ता को सत्यापन रिपोर्ट न देने पर शो–काज नोटिस, स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। सिटी विकास खण्ड के विन्ध्य बस्ती में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य की गुणवत्ता खण्ड विकास अधिकारी अत्यधिक खराब बताये जाने पर निर्माण एजेंसी सम्बन्धित प्रधानाचार्य तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी सिटी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सिडको के कार्य को अत्यंत खराब होने पर व कार्य में देरी करने पर अनारम्भ चार अन्य कार्यो से सिडको कार्यदायी संस्था से लेकर आरईडी से करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने–अपने क्षेत्रों में निर्माणाधीन स्कूलो चहरदीवारी, बालिका शौचालय तथा अतिरिक्त कक्ष कार्य का प्रत्येक 15 दिवस पर स्वंय सत्यापन करते हुये गुणवत्ता सुनिश्चित कराए। उन्होने कहा कि भवन पूर्ण होने पर अच्छी गुणवत्ता के साथ पेटिंग कार्य भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य में अच्छे कार्य करने वाले एजेंसी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर जहां सम्मानित किया जायेगा वही गुणवत्ता खराब पाये जाने वाले व लापरवाही बरतने वाले एजेंसी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। स्कूलो बाउंड्रीवाल के किनारे वृक्षारोपण हेतु गढ्ढे की खुदाई अभी से करा लें। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि स्कूलो में छात्रो को पाठ्य पुस्तक वितरण से सम्बन्धित प्रधानाचार्य से शत प्रतिशत वितरण का प्रमाण पत्र लेते हुये स्वंय भी स्वाहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र उपलब्ध करा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारी के क्षेत्र में बड़े विकास खण्ड में तीस–तीस तथा छोटे क्षेत्रफल वाले विकास खण्ड में कम से कम बीस–बीस विद्यालयों की सूची मॉडल स्कूल बनाये जाने हेतु उपलब्ध कराए। सूची में बनाये गये कार्ययोजना में खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, कम्प्यूटरीकृत लाइब्रेरी, शौचालय, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाए का जिक्र भी कार्य योजना में किया जाए।

# एक दिवसीय खरीफ एवं कृषि निवेश मेले का हुआ आयोजन

सोनभद्र(आरएनएस)। म्योरपुर विकास खण्ड परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय खरीफ एवं कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मॉन सिंह गोड़ ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस दौरान कृषि विभाग से आये अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बरसात को देखते हुए किसान अपने अपने पशुओं का पशु बीमा 1 वर्ष 2 वर्ष 3 वर्ष के लिये करा सकते है संचारी रोग नियंत्रण पर बताया कि जो किसान सुअर पालन करते है वे गन्दगी न होने दे गन्दगी से बीमारी फैलती है किसान भाई सुअरो के बाड़े में पूरा बदन का ही कपड़ा पहन कर ही जाए नहीं तो वे गम्भीर बीमारी का शिकार हो सकते है।श्रवण कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की सभी योजनाएं बैंक से मिल रही है किसान क्रेडिड कार्ड का हमारे किसान भाई लाभ उठा रहे है। किसान भाई 20 रुपये का किसान बीमा और 436 रुपये की सुरक्षा बीमा अवश्य ले अपने खाते में कम से कम 500 रुपये रखे किसान भाई अपरिचित ब्यक्तियों को अपनी कोई निजी जानकारी न दे इस समय बहुत से फ्राड ब्यक्ति आपके गांव में धूम रहे है। किसान भाई प्रधानमंत्री किसान फसल का बीमा अवश्य कराए यह बीमा मात्र दो महीने ही होती है जून से 31 जुलाई तक फसल बीमा अवश्य कराए किसान भाई मौसम बदल रहा है बारिश न होने के कारण प्रकृति के द्वारा हुई नुकशान,सूखे की भरपाई फसल बीमा ही पूर्ति करता है। मुख्य अतिथि मॉन सिंह गोड़ ने कहा कि कृषि विभाग के द्वारा बहुत सारे योजनाएं सरकार दे रही है इसका आप किसान भाई लाभ उठाएं जानकारी के अभाव में हमे कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ नही पा रहा है पिछले वर्ष किसान सूखे का मार झेला चुके है अगर किसान भाई कृषि बीमा पिछले वर्ष कराये होते तो उन्हें फसल बीमा का लाभ अवश्य मिलता जलवायु परिवर्तन हो रहा है हमे समय से बारिश नही मिल रही है इस क्षेत्र की खेती बरसात पर ही निर्भर है यह गोष्ठी इसी लिए रखा गया है कि आप सभी किसान भाइयों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का पता चल सके उन्होंने किसान भाई से अपील किया कि फसल बीमा के साथ कम से कम दस पौधों का बृक्षारोपण अवश्य करे किसान भाई सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम वर्ग तक सरकारी की योजनाएं पहुँचाई जाए किसान भाई श्री अन्न की फसल अवश्य करे इस फसल की कीमत 60 से 70 रुपये प्रति किलो बाजारों में है किसान भाई अपने खेतों में जैविक खाद का करे प्रयोग करे कीटनाशक का प्रयोग न के बराबर करे कम करे इस दौरान एडियो एजी श्रवण कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार प्रभारी बीज गोदाम,रमेश कुमार सहायक तकनीकी,राहुल कुमार,चंदन कुमार,विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु करें आवेदन

सोनभद्र(आरएनएस)। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी ने अवगत कराया है कि 3 दिसम्बर 2024 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों,स्वनियोजित दिव्यांगजन सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति,सर्वश्रेष्ठ संस्था प्रेरणाश्रोत सृजनशील दिव्यांग बालक,बालिका दिव्यांग खिलाड़ियों दिव्यांगजन हेतु बाधारहित वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला इत्यादि श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जायेंगें। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गयी है तथा पुरस्कार की धनराशि 5 हजार से बढ़ाकर स 25 हजार रूपये कर दी गयी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार के सम्बंध में विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट नचीूक.हवअ.पद से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन समस्त प्रपत्रों के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 11 विकास भवन लोढी सोनभद्र में 15 जुलाई तक जमा कर सकते है।

# नाबालिग बालक को एक माह से जंजीर मे बाध बनाये रखा बन्धक -कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

सोनभद्र(आरएनएस)। चाईल्ड हेल्पलाइन लखनऊ से शिकायत प्राप्त हुआ की थाना राबर्ट्सगंज अन्तर्गत कस्बा मे एक माह से नाबालिग बालक को जंजीर मे बन्धक बनाकर परिवार द्वारा रखा गया है जिसे तत्काल संज्ञान लेते हुए बाल कल्याण समिति द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट की संयुक्त टीम गठित करते हुए निर्देशित किया गया की सम्बन्धित प्रकरण मे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बालक को समित के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिसके उपरान्त संयुक्त टीम द्वारा पुलिस के सहयोग से बालक को अपने अभिरक्षा मे लेते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हुए ले जाया गया

# जुलाई से 31 अगस्त तक मछली मारने बेचने पर प्रतिबन्ध

सोनभद्र(आरएनएस)। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने उ०प्र० अधिनियम 1948 की चारा की उपधारा (१) के अतर्गत शासनादेशानुसार निर्गत नियम के उप नियम से 4 को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया की यह आदेश उन सभी तालाबों जलाशयों नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होगे जो सोनभद्र जनपद की सीमा में है ।

# डिप्टी सीएम के दरबार में पहुंचा मिर्जापुर वेब सीरीज पर रोक की मांग

'मीरजापुर(आरएनएस)। जिले की छवि को धूमिल करने वाले मिर्जापुर वेब सीरीज पर रोक लगाने की मांग उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के दरबार में पहुंच गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने डिप्टी सीएम को मांग पत्र देकर वेब सीरीज के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की है। साथ में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा भी रहे। डिप्टी सीएम ने सेंसर बोर्ड के हेड और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर इसके प्रसारण पर रोक लगाने का आश्वासन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि मिर्जापुर जिले की पहचान धार्मिक नगरी के रूप में है। यहां आदि शक्ति मां विंध्यवासिनी का मंदिर है । जिनके नाम से ही मिर्जापुर की पहचान है। प्रदेश सरकार द्वारा मां विन्ध्वासिनी कॉरिडोर बनाये जाने से मन्दिर व जिले की पहचान और व्यापक हो रही है, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री के लोग मिर्जापुर जिले के नाम पर जो विवादित वेब सीरीज मिर्जापुर बना रहे है। इससे जिले की छवि पर असर पड़ रहा है।

# बारिष से झील में तब्दील कंपोजिट विद्यालय

जौनपुर (आरएनएस) । केराकत क्षेत्र के देवकली स्थित कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण वर्षा के बाद हुए जल जमाव के चलते झील का रूप धारण कर लिया है। जल निकासी के अभाव में देवकली बाजार का बरसात का पानी विद्यालय की प्रांगण में भर जाता है। विगत कई वर्षों से स्कूली बच्चे–बच्चियों व शिक्षक–शिक्षिकाएं बरसात की मौसम में भारी जल जमा होने का दंस झेलते चले आ रहे हैं। बच्चे–बच्चियों व शिक्षक–शिक्षिकाओं को बरसात की पानी में से ही होकर स्कूल में आना व जाना पड़ता है। ऐसा नहीं कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस ज्वलंत समस्या से अनभिज्ञ हों। छोटे से लेकर बड़े अधिकारी जनप्रतिनिधि भी खबर रखकर भी बेखबर बने हुए हैं। जहां ग्राम प्रधान देवकली आशा देवी पत्नी कमलेश यादव का कहना है की वीडियो मुफ्तीगंज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, व जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों को इस ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है। वहीं छोटे से लेकर बड़े जनप्रतिनिधि भी इस समस्याओं से भली भांति अवगत हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव का कहना है कि ग्राम पंचायत के पास धनाभाव है। ऐसी दशा में जिला पंचायत विभाग, जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि की इस ज्वलंत समस्या को लेकर इसके निदान हेतु अपनी कृपा दृष्टि डाल दे तो निश्चित ही इस ज्वलंत समस्या से निजात मिल सकती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव का कहना यह भी है कि देवकली–मई पसेवा–मई मार्ग पर नाली का निर्माण हुआ था। किंतु गेल कंपनी ने पाइपलाइन बिछाने में नाली को क्षतिग्रस्त गत वर्ष कर दिया। जिसके बाद से आज तक क्षतिग्रस्त नाली का निर्माण नहीं कराया जा सका। और साथ ही नाली का निर्माण हुआ होता तो विद्यालय में इतना जल जमाव नहीं होता।

# तहसील प्रशासन ने किया 9 लाख रुपये की वसूली

जौनपुर(आरएनएस)। तहसील प्रशासन ने विभिन्न सरकारी बकाए वसूली हेतु एक विशेष अभियान छोड़ दिया है। इस अभियान के तहत अधिकारी व राजस्व संग्रह कर्मचारी इस समय कमर कसकर बकायेदारों के यहां धमक कर बकाए वसूली के लिए दबाव बनाते हुए देखे जा सकते हैं। तहसील के सभी बड़े बकायेदारों पर नकेल कसते हुए नायब तहसीलदार हुसैन अहमद ने अपने राजस्व संग्रह अमीन टीम के साथ बकायदारों के यहां दस्तक देकर बकाए की वसूली किया। नायब तहसीलदार श्री अहमद ने बताया कि विशेष बकाए वसूली अभियान के तहत विभिन्न बकायों की लगभग 9 लाख रुपए से अधिक वसूली की जा चुकी है। जो आप बकायेदार नहीं दे रहे हैं, उन्हें चेतावनी दिया जा रहा है कि यदि बकाए को अदा नहीं किया तो प्रशासन उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

# बाल अंत्येष्टि स्थल पर भवन निर्माण पर प्रदर्शन

जौनपुर(आरएनएस)।केराकत तहसील के असवारा गांव में ग्रामीणों का आरोप है कि दो वर्ष से ज्यादा इस बंजर जमीन पर होता था नवजात मृत शिशुओं का अंतिम संस्कार। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया की तहसीलदार और ग्राम प्रधान की मिली भगत से हुआ इस जमीन का कब्जा। वही ग्रामीणों का गुस्सा होकर जमकर विरोध किया। पूर्व प्रधान मदन गोपाल सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश सरोज, जितेंद्र गुप्ता, लाल बहादुर सिंह, पार्थ सिंह, संजय कुमार, अजय कुमार, भानु प्रताप, रविंद्र गुप्ता, पिंटू राम, राम अवतार सरोज, वीरेंद्र सरोज, रवि सिंह, आनंद सिंह के साथ गाँव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# मूल्यांकन पद्वति सुधरे तोसुधर जायेगी षिक्षा व्यवस्था

जौनपुर(आरएनएस)। नेहरू बालोद्यान के सभी शिक्षकों के लिए ओरियेन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, त्रिदिवसीय प्रोग्राम के प्रथम दिन कार्यक्रम के मूख्य अतिथि प्रो0 अजय कुमार दुबे, डीन शिक्षा संकाय, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, ने कहा कि, यदि हमारी मूल्यांकन पद्धति सुधर जाय तो आधी शिक्षा व्यवस्था अपने आप सुधर जायेगी। इसका मुख्य सुत्रधार शिक्षक है। आज शिक्षक स्वयं अपने नैतिक मूल्यों, अपने कर्तव्य बोध से विमुख हो रहा है एक शिक्षक का मुख्य दायित्व छात्रों के कर्तव्य का बोध कराना है साथ ही साथ अपने कर्तव्य का बोध रखना अनिवार्य है। मुख्य वक्ता प्रो0 राजकुमार ने कहा की शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए एक शिक्षक की सभी छात्रों के प्रति समदृष्टि रखना एक महत्व पूर्ण पक्ष है, साथ ही साथ सूक्ष्म दृष्टि रखना अति महत्वपूर्ण पक्ष है। आप ने यह भी कहा की जैसे त्याग के बिना पूजा नैतिकता के बिना वाणिज्य निरर्थक है वैसे ही एक शिक्षक का अपने छात्रो–छात्राओं से आत्मिक लगाव के बिना शिक्षा गुणवत्ता पूर्ण नही होगी। एक अच्छे शिक्षक के लिए शिष्य आत्मज और शिष्या आत्मजा होती है। प्रो0 राजकुमार ने गणित के कठिन विषयों को सरल ढंग से परिभाषित किया। स्वागत डा0 सी0डी0 सिंह ने दिया तथा विषय को प्रस्तावित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करके उसे व्यवहारिक जीवन में उपयोग करना होता है ।

# सामान कम मिलने पर कोटेदार पर मुकदमा

जौनपुर (आरएनएस)। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, सुजानगंज द्वारा तहसील–मछलीशहर के वि0ख0–सुजानगंज स्थित ग्राम–कुरावां के उचित दर विक्रेता रामजनक पुत्र रामशिरोमणि की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दुकान में कुल 29.91 कुं0 चावल, 19.79 कुं0 गेहूँ एवं 0.09 कुं0 चीनी का स्टॉक कम पाया गया, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर विक्रेता द्वारा कोई समुचित उत्तर नहीं दिया गया। उक्त आशय की आख्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त कोटेदार के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत अभियोग अभियोग पंजीकृत कराने का आदेश पारित किया गया। जिलाधिकारी के उक्त आदेश के अनुपालन में ग्राम–कुरावां के कोटेदार रामजनक के विरूद्ध थाना–सुजानगंज में प्रथम सूचना रिपोर्ट क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा दर्ज करा दी गयी है एवं उसके दुकान का अनुबन्ध–पत्र निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।